वर्ष 13, अंक 222
गैरसैंण
सोमवार
19 दिसम्बर 2022
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


## कांडा-मैखुरा में गुलदार का आतंक

**चमोली।** विकासखंड के कांडा-मैखुरा गांवों में गुलदार का आतंक बना है। प्रधान हेमंती देवी मैखुरी ने बताया कि गुलदार ने महेश लाल, उमेश लाल और जगदीश लाल के पालतू पशुओं को शिकार बनाया। बताया कि दिन दोपहर गांव के आस पास गुलदार की धमक से ग्रामीण दहशत में है। ग्राम प्रधान ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना देते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की है।

## अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार

**नैनीताल।** भवाली सड़क में सुबह तीन बजे एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से 20 मीटर नीचे जा गिरी। सुनसान जगह होने से हादसे का पता नहीं लग पाया। सुबह टहलने निकले लोगों ने कार सड़क से नीचे पलटी देखी और पास जाकर देखा तो उसमें कोई नहीं था। वहीं पास में रह रहे मजदूरों ने बताया कि सुबह तीन बजे जोर की आवाज आई लेकिन कुछ समझ नहीं आया। सुबह देखा तो कार के पास कोई नहीं था। उन्होंने बताया कि कार के पास खड़ा एक व्यक्ति वाहन के पिथौरागढ़ से हल्द्वानी जाने की बात कह रहा था। पिथौरागढ़ से हल्द्वानी की ओर जा रही कार फरसौली के पास सड़क से नीचे जा गिरी।

## अवैध रूप से रह रहा बंग्लादेशी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद ,(एजेंसी)।** फिरोजाबाद की पुलिस ने 80 वर्षीय एक बंगलादेशी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान अफसर अली के रूप में हुई है। वह अवैध रूप से शहर में रह रहा था। पुलिस अधिकारी सर्वेश कुमार मिश्रा ने कहा, बांग्लादेश के नौगांव जिले के रहने वाले इस शख्स को पुलिस ने फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन के बाहर देखा।उसने बताया कि दरगाह में इबादत करने की वजह से उसकी अजमेर जाने वाली ट्रेन छूट गई थी। एसपी ने कहा कि वह अपना बांग्लादेशी पासपोर्ट नहीं दिखा सका, इसलिए उस पर केस दर्ज किया गया है।हम उनके परिवार से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं। मामले का विवरण सुरक्षा एजेंसियों के साथ साझा किया गया है।

## अवर न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर निगरानी याचिका खारिज

काशीपुर। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ने अवर न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर निगरानी याचिका को खारिज कर दिया। ग्राम खरमासा निवासी चंचल रानी ने अवर न्यायालय के समक्ष धारा 156(3) के तहत प्रस्तुत किया था। जिसमें कहा था कि उसकी ग्राम खरमासा स्थित 0.4890 है. कृषि भूमि को मोहल्ला गिरीताल निवासी देवराज शर्मा से 20.54 लाख रुपये में किया था। जिसका बैनामा रजिस्ट्रार कार्यालय काशीपुर में कराया गया। बैनामें का रजिस्ट्री का चेक देने की बात लिखी गई, लेकिन उसे कोई चेक नहीं दिया गया।

# भविष्य में दुनिया के लिए जहाज निर्माण करेंगे

## आईएनएस मोरमुगाओ के सेना में शामिल होने पर बोले राजनाथ सिंह



**मुंबई, एजेंसी।** स्वदेश निर्मित मिसाइल आईएनएस मोरमुगाओ को रविवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। इसी को देखते हुए मुंबई में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत उपस्थित रहे।

आईएनएस मोरमुगाओ को सेना में शामिल किए जाने पर राजनाथ सिंह ने कहा कि इससे भारत की समुद्री ताकत मजबूत होगी। उन्होंने कहा, आईएनएस मोरमुगाओ भारत में बने सबसे शक्तिशाली युद्धपोतों में से एक है, यह भारतीय समुद्री क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा। मोरमुगाओ दुनिया के सबसे तकनीकी रूप से उन्नत मिसाइल वाहकों में से एक है।

राजनाथ सिंह ने कार्यक्रम में कहा कि आईएनएस मोरमुगाओ की प्रणालियां न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की जरूरतों को भी पूरा करने में सक्षम होंगी। यह हमारी स्वदेशी रक्षा उत्पादन क्षमता का भी एक उदाहरण है और भविष्य में भारत भी दुनिया के लिए जहाज निर्माण करेंगे।

पश्चिमी तट पर गोवा के ऐतिहासिक बंदरगाह शहर के नाम पर नामित, मोरमुगाओ ने 19 दिसंबर 21 को अपनी पहली समुद्री उड़ान भरी, जब गोवा ने पुर्तगाली शासन से 60 साल की मुक्ति का जश्न मनाया था। बता दें कि इसकी डिजाइन भारतीय नौसेना के स्वदेशी संगठन ने तैयार किया है और निर्माण मझगांव डक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है।भारतीय नौसेना के अनुसार, आईएनएस मोरमुगाओ युद्धपोत दूरसंवेदी उपकरणों, आधुनिक रडार और सतह से सतह पर वार करने वाली मिसाइल है। ये सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल जैसी हथियार प्रणालियों से भी लैस है। नौसेना ने बताया कि इस युद्धपोत की लंबाई 163 मीटर, चौड़ाई 17 मीटर तथा वजन 7,400 टन है। बता दें कि ये मिसाइल शविशाखापत्तनमश श्रेणी के चार विध्वंसकों में से दूसरा विध्वंसक है।?

# लोकायुक्त बिल लाएगी महाराष्ट्र सरकार

## सीएम शिंदे बोले- राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त बनाएंगे

**मुंबई, एजेंसी।** सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि हम पूरी पारदर्शिता के साथ सरकार चलाएंगे। हम महाराष्ट्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाएंगे, इसलिए हमने राज्य में लोकायुक्त कानून लाने का फैसला किया है।महाराष्ट्र सरकार इस विधानसभा सत्र में लोकायुक्त बिल लेकर आएगी। इसकी जानकारी महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दी। उन्होंने कहा कि आज कैबिनेट की बैठक में हमने अहम फैसले लिए हैं। हमने लोकपाल की तर्ज पर महाराष्ट्र में लोकायुक्त शुरू करने की अन्ना हजारे कमेटी की रिपोर्ट को मंजूरी दे दी है।

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने आगे कहा कि सीएम और कैबिनेट को लोकायुक्त के दायरे में लाया जाएगा। भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम को इस कानून का हिस्सा बनाया जाएगा और लोकायुक्त में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों सहित पांच लोगों की एक टीम होगी।

वहीं इस मामले पर महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि हम पूरी पारदर्शिता के साथ सरकार चलाएंगे।

## एक समान रंग में होंगी अयोध्या की इमारतें

**अयोध्या ,(एजेंसी)।** एक अलग पहचान के लिए मंदिरों के शहर अयोध्या की विभिन्न इमारतों को एक समान रंग प्रदान किया जाएगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण योजना को अंतिम रूप दे रहा है। वाणिज्यिक, आवासीय, धार्मिक और ऐतिहासिक इमारतों में से प्रत्येक के लिए अलग-अलग रंग होंगे। राम जन्मभूमि स्थल की ओर जाने वाले मंदिरों का रंग भगवा होगा। विभिन्न इमारतों और उनके आसपास के फुटपाथों में रंग की एकरूपता होगी।अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा, श्वाणिज्यिक, आवासीय, धार्मिक और पुरातात्विक महत्व की इमारतों के लिए अलग-अलग तरह के रंग होंगे। हालांकि राम जन्मभूमि स्थल की ओर जाने वाले मंदिरों का रंग भगवा होगा।सूत्रों के मुताबिक राम मंदिर मार्ग पर बने मंदिरों के अलावा फैजाबाद शहर के सआदतगंज इलाके से लेकर सरयू के किनारे तक सभी निजी इमारतों का रंग भी एक जैसा होगा।

# सीएम ने किया अल्पसंख्यक छात्रों हेतु निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग सुविधा का शुभारंभ



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर सर्वे अफ इण्डिया, हाथीबड़कला में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने अल्पसंख्यक छात्रों हेतु निःशुल्क अनलाइन कोचिंग सुविधा का शुभारंभ भी किया। अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य करने, विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों एवं अल्पसंख्यक वर्ग की मेधावी छात्राओं को इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्पसंख्यक समुदाय के सभी लोगों को विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन भारत की अखण्डता और एकता के संरक्षण व संवर्धन हेतु हमारे मौलिक कर्तव्यों को याद करने का दिन है। भारत विभिन्न संप्रदायों, भाषा-बोलियों और संसतियों वाला देश है। अनेकता में एकता भारत की विशिष्ट पहचान है। हमारी भारतीय संसति सभी संप्रदायों का सम्मान करने की रही है। राष्ट्रीय एकता व अखण्डता के लिए धार्मिक-क्षेत्रीय विविधता के अनुरूप साम्प्रदायिक सद्भाव तथा भाई-चारे की भावना को प्रोत्साहन देने जैसे अनेकों कार्य हमारी प्राथमिकता रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास की भावना से देश आगे बढ़ रहा है। अल्पसंख्यक वर्ग के कल्याण एवं उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। दुनिया के पीड़ित समुदाय को अपने देश में शरण देकर ''वसुधैव कुटुम्बकम'' भाव का पालन करना भारत की प्राचीन परंपरा का हिस्सा रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में नागरिकता संशोधन विधेयक पारित होना, इसी परंपरा की सार्थकता का पर्याय है। इसी के साथ ही महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से हमारी मुस्लिम माताओं-बहनों के अधिकारों व हितों की रक्षा के लिए देश में तीन तलाक से संबंधित कानून को लागू करना एक ऐतिहासिक फैसला रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। राज्य सरकार द्वारा भी अल्पसंख्यक समुदाय के लिए कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों का संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है। देश में विभिन्न योजनाओं का समान रूप से लाभ सभी को मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा भी इस संबंध में कुछ विशेष कदम उठाए गए हैं। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व बढ़ाए जाने एवं अल्पसंख्यक छात्र - छात्राओं को प्रोत्साहित किए जाने हेतु मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना'' प्रारम्भ की है। अल्पसंख्यक समुदाय के परिवारों की मेधावी छात्राओं की शिक्षा हेतु विशेष अनुदान भी उपलब्ध कराया जा रहा है। अल्पसंख्यक क्षेत्रों में मांग के अनुसार आर्थिक व शैक्षणिक विकास के लिए 4 करोड़ रुपये की लागत से अल्पसंख्यक विकास निधि की स्थापना की है। मौलाना आजाद एजुकेशन फाइनेंस फाउन्डेशन योजना के अर्न्तगत उत्तराखण्ड राज्य के गरीब अल्पसंख्यक छात्र - छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा हेतु ब्याज मुक्त ऋण दिये जाने का प्राविधान भी किया गया है। मुख्यमंत्री हुनर योजना से भी राज्य में अल्पसंख्यकों को रोजगार दिए जाने का कार्य किया जा रहा है। सरकार ने कलियर शरीफ में 50 बेड का हस्पिटल स्वीत किया है, उसकी धनराशि भी स्वीत हो चुकी है। जल्द ही यह यूनानी मेडिकल कलेज कलियर शरीफ में बनेगा।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी गंभीरता से करना होगा। राज्य के समग्र विकास के लिए सभी वर्गों का सहयोग जरूरी है।

मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर सभी समुदाय के लोगों को साथ लेकर यह भव्य आयोजन किया गया है। समाज के सभी वर्गों के विकास से ही किसी प्रदेश एवं देश का समग्र विकास संभव है। इस दिशा में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ड. आरक़ के जैन ने कहा कि अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए आयोग द्वारा निरन्तर जन जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकार की इन वर्गों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड अल्प संख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब, सरदार इकबाल सिंह, उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स, उत्तराखंड बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष डग़ीता खन्ना, खतीब अहमद, डी.आईज़ी पी रेणुका देवी एवं अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पीएम मोदी ने त्रिपुरा को दी 4350 करोड़ की सौगात

## स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए दी बधाई




**अगरतला,एजेंर्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अगरतला में 4,350 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। रविवार को अगरतला पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों के लिए गृह प्रवेश कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इन घरों को 3,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया था और इसमें 2 लाख से अधिक लाभार्थी शामिल होंगे।

सड़क संपर्क में सुधार पर ध्यान देने के साथ, प्रधानमंत्री ने अगरतला बाईपास (खैरपुर-अमतली) एनएच-08 के चौड़ीकरण के लिए परियोजना का उद्घाटन किया, जो अगरतला शहर में यातायात की भीड़ को कम करने में मदद करेगा।पीएम मोदी ने पीएमजीएसवाई (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना) के तहत 230 किमी से अधिक लंबाई की 32 सड़कों और 540 किमी से अधिक की दूरी वाली 112 सड़कों के सुधार के लिए आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने आनंदनगर में स्टेट इंस्टीट्यूट अफ होटल मैनेजमेंट और अगरतला गवर्नमेंट डेंटल कलेज का भी उद्घाटन किया।

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, पिछले 8 साल में नर्थ ईस्ट सेक्टर में कई नेशनल हाईवे बने हैं। कई ग्रामीण क्षेत्र सड़कों से भी जुड़े हुए हैं। हमारी डबल इंजन सरकार का ध्यान भौतिक, डिजिटल के साथ-साथ सामाजिक बुनियादी ढांचे में सुधार पर है।पीएम मोदी ने कहा, मैं स्वच्छता को एक जन आंदोलन बनाने के लिए त्रिपुरा के लोगों को बधाई देता हूं। इससे त्रिपुरा सबसे छोटे राज्यों की श्रेणी में सबसे स्वच्छ राज्य बनकर उभरा है। मैं त्रिपुरा को आज एक नया डेंटल कलेज मिलने पर बधाई देता हूं।

इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, आज डबल इंजन सरकार का प्रयास है कि त्रिपुरा के छोटे किसानों, छोटे उद्यमियों और सबको बेहतर अवसर मिले। यहां का लोकल कैसे ग्लोबल बने इसके लिए सरकार प्रयास कर रही है।

# बगहा सामूहिक दुष्कर्मः दरिंदों ने गला घोंटा, आंख फोड़ी, फिर नदी किनारे दफना दी कक्षा 6 की छात्रा की लाश




**बगहा,एजेंसी।** एक सरकारी विद्यालय में छठवीं में पढ़ने वाली छात्रा का चार दिन पहले अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म किया गया और गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को दफना दिया गया। उसकी बायीं आंख भी फोड़ दी गई। रविवार की सुबह करीब सात बजे पठखौली ओपी क्षेत्र के पोखभिंडा गांव के हरहा नदी किनारे शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया।

शव के पास से स्कूल का ड्रेस व गन्ने के खेत से चप्पल मिला। आक्रोशित लोगों ने बगहा-सेमरा मार्ग के हिरौती चौक को जाम कर दिया। तीन घंटे बाद दोषियों पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद शव पुलिस को सौंपा। शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया गया है। पठखौली ओपी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीय छात्रा क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय में छठवीं की छात्र थी। 15 दिसंबर को गांव का जितेन्द्र यादव अपने साथ गन्ना का पत्ता लाने के लिए सरेह में लेकर गया था। उसी समय उसका अपहरण कर लिया गया था।देर शाम तक जब वह घर नहीं पहुंची तो स्वजन ने इसकी सूचना पुलिस को दी और आवेदन में गांव के लड्डू आलम, नूर आलम ,सदरे आलम, साहेब अंसारी, आफताब आलम को नामजद किया, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। रविवार की सुबह स्वजन और ग्रामीण छात्रा की तलाश कर रहे थे। तभी उनकी नजर हरहा नदी के पास जमीन पर गई। वहां जमीन ताजी खुदी हुई थी। उसके ऊपर बेर के पेड़ के कांटे रखे थे। शक होने पर ग्रामीणों ने जमीन की खुदाई की तो छात्रा का शव मिला। गड्ढे के पास ही उसका स्कूल का ड्रेस व समीप में गन्ने के खेत से उसका चप्पल मिला। बताया जा रहा है कि गन्ने के पत्ते से बच्ची का गला घोंटकर हत्या की गई थी। पुलिस के मुताबिक गन्ने के खेत में पहले उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया।

**सुकेश का एक और चिट्ठी बम**

# जैन के पास काले-भूरे रंग की डायरी, उसमें केजरीवाल लूट गैंग का है सारा ब्योरा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंडोली जेल में ठगी के आरोप में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने एक बार फिर जेल से चिट्ठी लिखकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन पर हमला बोला है। चिट्ठी में आरोप लगाया है कि उपराज्यपाल की ओर से गठित उच्चाधिकार कमेटी के सामने बयान देने के बाद से जेल प्रशासन की ओर उसे धमकी दी जा रही है। साथ ही परिवार वालों को भी कई नंबरों से धमकी मिल रही है। लेकिन उसने साफ कर दिया कि वह भाजपा के दबाव में आकर कोई आरोप नहीं लगाया है और अपने बयान पर कायम है। साथ ही कहा कि कानूनी लड़ाई जारी रखेंगे।

अपने वकील के जरिए भिजवाए चिट्ठी में सुकेश ने लिखा कि अरविंद केजरीवाल भाजपा के दबाव में पत्र लिखने के आरोप लगाते हैं, जबकि उससे किसी ने ऐसी कोई चिट्ठियां लिखने के लिए नहीं कहा है। हाल के चुनाव नतीजों का जिक्र करते हुए सुकेश चंद्रशेखर ने केजरीवाल से कहा कि वह दो सौ से ज्यादा सीट मिलने का दावा कर रहे थे और उसके लगाए आरोपों को बेतुका बताकर जीतने का दावा कर रहे थे, लेकिन उन्हें इसकी रियलिटी चेक करनी चाहिए।

# हिमाचल कांग्रेस में अंदरूनी कलह नहीं, संघर्ष मुख्यमंत्री पद के लिए थाः सीएम सुक्खू



**शिमला/दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के भीतर कोई अंतर्कलह नहीं है और संघर्ष केवल मुख्यमंत्री पद के लिए था क्योंकि तीन से चार दावेदार थे। अगर कुछ गलत होता तो प्रदेश में राजस्थान जैसी स्थिति होती। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य में कांग्रेस का कोई भी विधायक भाजपा में नहीं जाएगा और पार्टी की सरकार लोगों के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस पहली कैबिनेट बैठक में सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने के वादे को पूरा करेगी। समाचार एजेंसी पीटीआई के साथ एक विशेष साक्षात्कार में सुक्खू ने कहा कि हमने वित्त सचिव से बात की है। एक रणनीति के तहत हम जानते हैं कि हमें कहां से पैसा लाना है और कहां निवेश करना है। पुरानी पेंशन योजना शुरू करने पर काम किया है और इसे पहली कैबिनेट बैठक में पेश करेंगे।

मंत्रिमंडल के विस्तार के बारे में पूटे जाने पर उन्होंने कहा कि यह जल्द ही होगा। उन्होंने कुछ विधायकों की ओर से मंत्री पद के लिए पैरवी करने की खबरों का खंडन किया। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस की प्रदेश इकाई में अंदरूनी कलह की खबरों को खारिज किया, लेकिन स्वीकार किया कि मुख्यमंत्री पद के लिए होड़ मची हुई थी। सुक्खू ने कहा- तकरार पद के लिए थी, यह पार्टी की कलह नहीं है। तीन-चार लोग मुख्यमंत्री पद पर काबिज होने को तैयार थे। आप देख सकते हैं कि अब तक हमने कैबिनेट विस्तार नहीं किया है, अगर कुछ गलत होता तो राजस्थान जैसी स्थिति हो जाती। राजस्थान में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को 2020 में उनके तत्कालीन डिप्टी और राज्य पार्टी अध्यक्ष सचिन पायलट और कुछ अन्य विधायकों की ओर से बगावत का सामना करना पड़ा था। सुक्खू ने विपक्षी भाजपा पर इन खबरों को लेकर निशाना साधा कि कांग्रेस के कुछ विधायक उससे हाथ मिला सकते हैं। उन्होंने कहा, कि कांग्रेस का कोई सदस्य पार्टी नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने भाजपा के कुशासन के खिलाफ मतदान किया। उन्होंने कहा कि देश बेरोजगारी और महंगाई जैसे विभिन्न मुद्दों का सामना कर रहा है, लेकिन भाजपा राहुल गांधी के भाषण का मजाक बनाने सहित विभिन्न हथकंडों का इस्तेमाल कर लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दे से हटाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा की सराहना की और कहा कि पैदल मार्च का उद्देश्य लोगों को एकजुट करना और धर्म और जाति के नाम पर समाज में फैलाई जा रही नफरत को दूर करना है।

## उपनल कर्मियों की समस्याओं पर की चर्चा

**पौड़ीः** उपनल महासंघ पौड़ी के अधिवेशन में विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। अधिवेशन में पौड़ी, कोटद्वार व श्रीनगर के उपनल कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

रविवार को जिला पंचायत के पुराने सभागार में आयोजित अधिवेशन में लक्ष्मण भंडारी को पौड़ी जिले का अध्यक्ष, प्रमिला को उपाध्यक्ष, मदनमोहन को जिला मंत्री व प्रवीन रावत को कोषाध्यक्ष चुना गया।अधिवेशन में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद गोदियाल ने नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उपनल महासंघ प्रदेश के सभी जिलों की नई कार्यकारिणी का गठन कर रहा है। उन्होंने सभी से एकजुट रहने पर जोर दिया। महासचिव विनय प्रसाद ने कहा कि सभी उपनल साथियों के भविष्य सुरक्षित रखने संबंधी मामला कोर्ट में लंबित है। जिसके लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

कहा कि जल्द ही कोर्ट का फैसला उपनल कर्मचारियों के पक्ष में हो इसके लिए कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर कोर कमेठी के अध्यक्ष महेश भट्ट, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज सेमवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश राणा, सचिव नरेश शाह, महेश आदि शामिल रहे। संचालन मनोज सेमवाल ने किया।

# बीमार पड़ा जन औषधि केंद्र, बाजार से महंगी दवा खरीदना मजबूरी

**◆राजकीय बेस चिकित्सालय में पिछले कई माह से बंद पड़ा है जन औषधी केंद्र**
**◆आमजन की शिकायत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग नहीं दिखा रहा गंभीरता**

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** भले ही केंद्र सरकार गरीब को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने के दावे कर रही हो। लेकिन, राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में सरकार स्वास्थ्य विभाग समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। नतीजा लोगों को बाजार से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं।

कोटद्वार बेस चिकित्सालय में जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर

### फाइलों में अटकी केंद्र की फाइल

कोटद्वार के राजकीय बेस चिकित्सालय में केंद्र सरकार की ओर से जन औषधी केंद्र खोला जाना प्रस्तावित है। करीब छह माह पूर्व केंद्र से जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप चिकित्सालय प्रशासन ने केंद्र संचालन को निविदाएं भी निकाल दी। पांच फर्मों ने केंद्र संचालन की इच्छा जताई। चिकित्सालय प्रशासन ने अंतिम निर्णय के लिए पांच फर्मों की निविदाएं केंद्र में भेज दी। केंद्र ने यह कह कर निविदाएं वापस लौटी दी कि इसमें अंतिम निर्णय चिकित्सालय प्रशासन को ही लेना है। केंद्र से जारी निर्देशों के बाद भी चिकित्सालय प्रशासन ने अंतिम निर्णय लेने के बजाए फाइल मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में भेज दी। करीब ढाई माह हो चुके हैं। लेकिन, अभी तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय भी इस पर कोई निर्णय नहीं ले पाया है।

की यह योजनाएं दम तोड़ रही है। हालत यह है कि बेस चिकित्सालय में सस्ती दवा उपलब्ध करवाने के लिए बनाया गया जन औषधि केंद्र में पिछले कई माह से ताले तटके हुए हैं। लोगों की शिकायत के बाद भी से वर्ष 2017 में जन औषधि केंद्र खोला गया था। उम्मीद थी कि अस्पताल में जन औषधि केंद्र खुलने के बाद मरीजों को बाजार से महंगी दवाएं नहीं खरीदनी पड़ेगी। लेकिन, चिकित्सक व एमआर (दवकंपनी के प्रतिनिधि) की कथित यारी इस योजना पर भारी पड़ गई। चिकित्सक मरीजों के पर्चे पर धड़ल्ले से बाजार के मेडिकल स्टोरों में मिलने वाली लिखते थे। नतीजा, केंद्र में बैठे कर्मी केवल मरीजों का इंतजार ही करते रह जाते। यही कारण था कि कुछ माह बाद ही जन औषधि केंद्र बंद हो गया।




कोटद्वार के राजकीय बेस चिकित्सालय में बनाया गया जनऔषधि केंद्र।

### क्षेत्रवासी उठा चुके हैं मांग

बाजार से महंगी दवा खरीद रहे क्षेत्रवासी कई बार जन औषधि केंद्र को खोलने की मांग उठा चुके हैं। इस संबंध में क्षेत्रवासियों ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को भी ज्ञापन दिया था। जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने तत्काल समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया था। लेकिन, यह आश्वासन भी केवल हवा साबित हुआ।

## सिद्धबली मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, जाम हुई सड़क

**गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में स्थित सिद्धबली मंदिर में लगी रही भीड़**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः श्री सिद्धबली बाबा मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धलुओं ने घंटों लाइन में खड़े रहकर बाबा के दर्शन किए। इस दौरान सिद्धबली से सनेह को जाने वाले मार्ग पर वाहनों का लंबा जाम लगा रहा।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में बाबा सिद्धबली का परम धाम है। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन को पहुंचते हैं। रविवार अवकाश का दिन होने के कारण यहां सबसे अधिक भीड़ उमड़ी रहती है। सुबह से अपने परिवार के साथ पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा के दर शीश नवाया। भक्तों में सबसे अधिक संख्या पश्चिमी उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के श्रद्धालुओं की थी। मंदिर की पार्किंग फुल होने के बाद अधिकांश श्रद्धालु अपने वाहनों को सनेह रोड पर खड़ा कर रहे थे। जिसके कारण मार्ग पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। बिजनौर से पहुंचे राम सिंह ने बताया कि उनकी सिद्धबली बाबा के प्रति अटूट श्रद्धा है। घर में कोई भी शुभ कार्य होने से पूर्व वह बाबा के दर्शन को अवश्य पहुंचते हैं।



कोटद्वार के सिद्धबली से सनेह को जाने वाले मार्ग पर लगा वाहनों का लंबा जाम

## विद्यार्थियों को बताए नई शिक्षा नीति के लाभ

**राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में आयोजित किया गया कार्यक्रम**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी।

जीव विज्ञान विभाग की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राध्यापक डा.सुनीता नेगी ने बताया कि नवीन शिक्षा नीति शिक्षा को एक नया रूप देगी। डा. सोमेश ढौंडियाल ने संप्रेषण प्रक्रिया के महत्व एवं विविध पहलुओं पर पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन द्वारा प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ेसर जानकी पवॉर ने सम्प्रेषण की उपयोगिता और एनईपी 2020 के सहपाठ्य क्रम में इसकी संबद्धता पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर डा. मुकेश रावत, डा.मोहन कुकरेती, डा.सुरभि मिश्रा, डा. जुनीश कुमार, डा. रंजना, डा.पूनम गैरोला, डा.सुमन कुकरेती, डा. सुनीता गुसाईं आदि मौजूद रहे।



महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी।

## बालीवॉल में विज्ञान व वाणिज्य वर्ग रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार।** राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बालीवॉल प्रतियोगिता में विज्ञान व वाणिज्य वर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ महाविद्यालय की ओर प्राचार्य जानकी पंवार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करना चाहिए। इससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने का बेहतर मंच उपलब्ध होता है। प्रतियोगिताओं के तहत बालीवाल के बालिका वर्ग में विज्ञान वर्ग, कला वर्ग व वाणिज्य वर्ग और बालक वर्ग में वाणिज्य वर्ग, कला वर्ग व विज्ञान वर्ग प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में प्रिया, निकिता व माधवी और बालक वर्ग में प्रियांशु, ऋषभ व प्रियांशु प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। कैरम प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में शिया प्रथम, दीपिका द्वितीय व सोनिया तृतीय रही। जबकि बालक वर्ग में अंकुश ने प्रथम, अमन रावत ने द्वितीय व पुनीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कैरम के युगल बालिका वर्ग में कमला–प्राची, शिया–लक्ष्मी व सोनिया–मनीषा प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। बालक वर्ग में अमन–मोहित, अरूण–प्रियांशु व प्रियांशु–शिवम प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। इस मौके पर प्रकाश चंद्र कोठारी, सिंधु कोठारी, डा.सुखपाल सिंह रौतेला, संत कुमार, गिरीश चंद्र, पवन कुमार, सतीश चंद्र, मानवेंद्र सिंह नेगी, सुशील पटवाल, गीता रावत आदि मौजूद रहे। संचालन डा.गीता रावत शाह व डा.अनुराग शर्मा ने किया।

## 3499 अभ्यार्थियों ने दी पुलिस कांस्टेबल की परीक्षा

**परीक्षा के लिए कोटद्वार शहर में बनाए गए थे नौ सेंटर**



परीक्षा के दौरान सेंटर का निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार।

**कोटद्वारः** कोटद्वार में पुलिस कांस्टेबल भर्ती लिखित परीक्षा कड़े पहरे के बीच संपन्न करवाई गई। अलग–अलग स्थानों पर बने नौ सेंटरों में 3499 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए पुलिस व प्रशासन की विशेष टीमें गठित की गई थी।

रविवार को उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से पुलिस कांस्टेबल लिखित परीक्षा करवाई गई। परीक्षा के लिए कोटद्वार में राजकीय इंटर कालेज, आर्यकन्या इंटर कालेज, गुरुरामराय पब्लिक स्कूल सहित अन्य अलग–अलग स्थानों पर कुल नौ सेंटर बनाए गए थे। सुबह 11 बजे शुरू हुई परीक्षा में 3499 अभ्यार्थियों ने भाग लिया। उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि सुबह साढ़े नौ बजे से अभ्यार्थी सेंटर में पहुंच गए थे। प्रवेश द्वार पर उनके पहचान पत्रों की जांच की गई। प्रत्येक सेंटर में सक्टर मजिस्ट्रेट व सेंटर प्रभारी भी नियुक्त किए गए थे। सेंटर के आसपास धारा 144 लागू की गई थी।

## बैंग्वाड़ी के समीप पलटी बस, सात घायल

**पौड़ीः** पौड़ी–श्रीनगर मोटर मार्ग पर बैंग्वाड़ी के समीप रविवार को एक बस अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई। जिससे एक बड़ी घटना होने से बच गई। घटना में बस में सवार सात लोग घायल हो गए। सूचना पर पौड़ी से पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य किया। घायलों में पांच को श्रीनगर और दो को उपचार के लिए पौड़ी जिला चिकित्सालय लाया गया है। सीओ सदर प्रेमलाल टम्टा ने बताया कि जीएमओ की बस सायं करीब तीन बजे पौड़ी से श्रीनगर को रवाना हुई। बस के बैंगवाड़ी पहुंचने पर श्रीनगर से पौड़ी की ओर आ रही एक कार और बस आमने–सामने आ गई। जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई। बताया कि जिस स्थान पर यह घटना हुई वहां पर मोड़ भी है। संभवतः कार के आने पर बस चालक ने अचानक ब्रैक लगा दिया। जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई। बताया कि सात घायलों में छह को हल्की चोटें आई हैं।

## पौड़ी में शांतिपूर्वक संपन्न हुई परीक्षा

**पौड़ीः** रविवार को उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा पुलिस आरक्षी, पीएसी, आईआरबी और अग्निशमन (पुरुष, महिला) की लिखित परीक्षा आयोजित की गई। शहर के 6 केंद्रों पर कड़ी निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। शहर में बनाए गए 6 केंद्रो में 1740 अभ्यर्थियों मे से 1618 ने परीक्षा दी। जबकि 122 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों को वितरित किए गर्म कपड़े

**सामुदायिक विकास समिति की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** सामुदायिक विकास समिति की ओर से विभिन्न विद्यालय के बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। सदस्यों ने अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने की अपील की। इस दौरान बच्चों के लिए छात्रवृत्ति परीक्षा भी आयोजित की गई।

राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में 25 विद्यालयों के 181 छात्र–छात्राओं ने प्रतियोगिता किया। उक्त परीक्षा में कक्षा छह से राजकीय इंटर कालेज कोटडीढांग के छात्र केशव कुमार प्रथम, राजकीय इंटर कालेज सुखरो के आदित्य रावत द्वितीय व अक्षत पंवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौ से राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार की प्रियंका नेगी प्रथम, राजकीय इंटर कालेज झंडीचौड के अभय ने द्वितीय व राजकीय कन्या इंटर कालेज कलालघाटी की सामिनी रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते, मौजे वितरित किए गए। इस मौके पर बीईएल के महाप्रबंधक विशेश्वर पुच्चा, प्रदीप कुमार, विनोद खंतवाल, जगमोहन सिंह रावत, सत्यवीर सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन प्रदीप बडोला ने किया।




आयोजित कार्यक्रम में मौजूद समिति के सदस्य व विद्यार्थी।

## जहर खरानी का शिकार हुआ व्यक्ति

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** चंडीगढ़ से कोटद्वार आ रहा एक व्यक्ति जहर खुरानी का शिकार हो गया। जहरखुरानी गिरोह व्यक्ति की जेब में रखी नगदी ले गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि रिखणीखाल निवासी वीरेंद्र रविवार को चंडीगढ़ से कोटद्वार आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उन्हें गिरोह ने अपना शिकार बना दिया। वीरेंद्र ने बताया कि जहरखुरानी गिरोह उनकी जेब में रखे चालीस हजार रुपये ले गए। बेसुध अवस्था में उन्हें पुलिस ने बेस अस्पताल में पहुंचाया।

## वार्षिकोत्सव में दिखी सांस्कृतिक छटा

**पौड़ीः** सेंट जेम्स पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने अभिभावकों से अपने बच्चां में बेहतर संस्कारों व मूल्यों को बढ़ावा देने को कहा।

सेंट जेम्स पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव व क्रिसमस समारोह संस्कृति भवन प्रेक्षागृह में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने पौड़ी शहर में शिक्षा के विकास में सेंट जेम्स स्कूल के योगदान की सराहना की। कहा कि स्कूल के साथ ही विद्यार्थियां के अभिभावकों की भी अपने बच्चां के पठन पाठन व बेहतर शिक्षा में योगदान की बराबर की जिम्मेदारी है। बच्चों को घर से ही उत्कृष्ट संस्कार व मानवीय मूल्यों की शिक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियां की सराहना करते हुए कहा कि सभी छात्र प्रतिभा से भरपूर हैं। सभी बच्चों को बराबर अवसर मिलने चाहिए। भविष्य में कौन सा छात्र किस मुकाम तक पहुंच जाए, अभी इस बात का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। नगरपालिकाध्यक्ष पौड़ी यशपाल बेनाम ने कहा कि पिछले 38 साल से सेंट जेम्स स्कूल से हजारों छात्रों ने बेहतर शिक्षा हासिल कर अपना भविष्य संवारा है। शिक्षकों की मेहनत का मूल्य नहीं चुकाया जा सकता। उन्होंने विद्यालय परिवार से इसी तरह भविष्य में भी छात्रों को शिक्षित व संस्कारवान बनाने का आह्वाहन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने भी मंच पर पूरे उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीनियर छात्रों की प्रस्तुतियां शानदार रही। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक पास्टर हरीश कुमार, प्रधानाचार्य मधुबाला, नीरज कुमार, लक्ष्मी, विजया, श्वैता, मानसिका, अनिल डेविड, प्रदीप कुमार आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## सैकड़ों समर्थकों के साथ राजेंद्र पंत ने थामा यूकेडी का हाथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र पंत ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ उत्तराखंड क्रांति दल का हाथ थाम लिया है। इस दौरान उन्होंने पदयात्रा निकालते हुए स्व.इंद्रमणि बड़ोनी के सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

आयोजित कार्यक्रम में यूकेडी के केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी ने कहा कि राजेन्द्र पंत ने उत्तराखंड प्रदेश को बचाने के लिए उत्तराखंड क्रांति दल का हाथ थामा है। इससे उत्तराखंड क्रांति दल को भी मजबूती मिलेगी। राजेंद्र पंत ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। विकास के नाम पर केवल जनता को गुमराह किया जा रहा है। कहा कि राष्ट्रीय पार्टियां दिल्ली से चलती है। प्रदेश का विकास केवल उत्तराखंड क्रांति दल ही कर सकता है। यूकेडी के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि अगर इस प्रदेश को बचाना है तो उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्येक कार्यकर्ता को सैनिक के रूप में कार्य करना होग। कार्यकारी अध्यक्ष शक्ति शैल कपरुवान ने कहा कि आज प्रदेश में अफसरशाही हावी हो गई है। अधिकारी अपने सरकारी मोबाइल नंबर को उठाते तक नहीं है। कार्यकारी अध्यक्ष एपी जुयाल ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल प्रदेश के विकास को लेकर गंभीरता से कार्य करेगी। इस मौके पर संरक्षक सुरेंद्र कुकरेती सुधा चौहान, संजय, गोविंद अधिकारी, राजेश आर्य, विजयपाल, दयानंद बजरंगी, प्रदीप, प्रकाश पन्त, राधे श्याम, मीनाक्षी चौहान, गुंजन सक्सैना, अनमोल सक्सेना, जितेंद्र यादव, मनजीत चौधरी , अंजू, एस मेहता, सुनील ध्यानी, सुलोचना ईष्टवाल, उत्तरा पंत, रेखा मियां, दीपक गैरोला, राजेंद्र प्रधान, संजय डोभाल, राजेंद्र बिष्ट ,राजेश्वरी रावत, किरण रावत, वीरेंद्र रावत ,जय प्रकाश उपाध्याय, मधु सेमवाल, मंजू रावत, सरोज रावत, राजेन्द्र गुसाईं आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय महामंत्री विजय बौड़ाई ने किया।



उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यक्रम में मौजूद सदस्य ।

## विजय रावत बने जिलाध्यक्ष

उत्तराखंड युवा कांग्रेस के चुनाव परिणाम घोषित हो चुके हैं। विधानसभा अध्यक्ष पद पर विजय रावत ने जीत हासिल की है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाल अपनी खुशी का इजहार किया। इस मौके पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल, महावीर सिंह रावत, धीरेंद्र बिष्ट, बृजमोहन सिंह नेगी, सुनील, जितेंद्र भाटिया, हिमांशु बहुखंडी, आशीष काला, अभिषेक रावत आदि मौजूद रहे।

## सतपुली में 24 को होंगे छात्रसंघ चुनाव

पौड़ीः राजकीय महाविद्यालय सतपुली में 24 को छात्रसंघ चुनाव होंगे। चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गयी है । मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. अवधेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि सतपुली महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है । सोमवार को छात्रसंघ चुनाव हेतु नामांकन पत्र की बिक्री और मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किए जायेंगे। शनिवार 24 दिसंबर को मतदान और मतगणना कर विजयी प्रत्याक्षियों को शपथ दिलाई जाएगी।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को 18.7 लाख रुपये स्वीकृत

पिथौरागढ़। क्लीन द हिमालया के तहत विकासखंड के छह ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 18 लाख 70 हजार का बजट स्वीकृत हुआ है। इस धनराशि से प्रत्येक परिवार को कूड़ेदान और जूट के बैग दिए जाएंगे। साथ ही पंचायतों में जन जागरूकता अभियान चलाकर हिमालय क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। रविवार को जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने बताया कि ग्राम पंचायत कवाधार, क्वीरीजिमिया, खसियाबाडा, जलथ, ढिमढिमिया को तीन–तीन व जैती को 3.70 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। उन्होंने बताया कि हिमालय क्षेत्र के ग्राम पंचायतों को



स्वच्छ रखने के लिए प्रथम चरण में 6 ग्राम पंचायतों में पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए सोसायटी फॉर एक्सन इन हिमालया की मदद ली जा रही है। उन्होंने बताया कि इन गांवों में सघन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए पंचायतीराज उत्तराखंड तथा जिला प्रशासन से भी सहयोग लिया जाएगा। कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को अपनी दैनिक दिनचर्या में कैसे शामिल कर सकते है। इस पर फोकस करते हुए यह अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन 6 ग्राम पंचायतों के स्कूली बच्चों को भी इस अभियान से जोड़कर भावी पीढ़ियों को हिमालय क्षेत्र की स्वच्छता क्यों आवश्यक है, इसकी जानकारी देकर अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा। कहा यह पहला नवाचार होगा, जिसमें हर घर में अभियान का ब्रांड एंबेसडर मौजूद रहेगा।

# रितेश के झांसे में आकर गुमदेश के ग्रामीणों ने गवाएं 16 लाख रुपये

चम्पावत। जालसाज रितेश के झांसे में आकर सीमांत गुमदेश के कई ग्रामीणों ने 16 लाख से अधिक रुपये गवाएं हैं। रितेश ने नौकरी लगाने व जमीन दिलाने का झांसा देकर लोगों को चंगुल में फंसाया।

इस संबंध में पीड़ितों ने पंचेश्वर कोतवाली में दर्ज कराई थी। गुमदेश के धौनीशिलिंग निवासी तारा सिंह धौनी ने बताया कि रितेश ने वर्ष 2014–15 में उनके दो बच्चों की सचिवालय में सरकारी नौकरी लगाने के लिए साढे सात लाख रुपये की मांग की थी। बताया कि उन्होंने झांसे में आ कर रितेश को साढ़े चार लाख रुपये नकद और तीन लाख रुपये अलग अलग बैंक खातों में डाले। धौनीशिलिंग मड़ निवासी भूपाल सिंह ने बताया कि रितेश को उन्होंने जमीन खरीदने के लिए छह लाख रुपये दिए थे। कहा कि उन्हें न तो जमीन मिली और न रुपये ही वापस मिले। नेवलटुकरा के गोपाल राम ने बताया कि रितेश ने देहरादून में एससी वर्ग की आठ नाली जमीन दिलाने के नाम पर सात लाख रुपये लिए थे। उन्हें भी जमीन नहीं दी गई। बताया कि बाद में एक चेक दिया। लेकिन यह चेक भी बाउंस हो गया था। धौनी का कहना है कि क्षेत्र में कई लोग हैं जो रितेश के झांसे में आकर लाखों रुपये गवां चुके हैं।

# ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ठंड का कहर जारी



अल्मोड़ा। जिला मुख्यालय समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ठंड का कहर जारी है। रविवार को सुबह करीब 10 बजे तक जिला मुख्यालय को कोहरे ने अपने आगोश में लिए रखा।

देर तक कोहरा छाने की वजह से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दरअसल, इन दिनों पर्वतीय जिलों में ठंड का प्रकोप बढ़ने लगा है। जिला मुख्यालय के कोसी घाटी क्षेत्र में कोहरा छाया रहा। जिससे ठंड में एकाएक बढ़ोत्तरी हुई। रात में ओस अधिक गिरने से भी ठंड में इजाफा हुआ है। रविवार दिनभर आसमन में हल्के बादल छाये रहे। जिसके चलते ठंड में और इजाफा हो गया। आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी अनुसार अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 07 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# कपकोट में बीएसएनएल सेवा फिर ठप

बागेश्वर। तहसील क्षेत्र में बीएसएनएल सेवा ठप होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई दिनों से क्षेत्र में बीएसएनएल की संचार सेवा चरमराई है। दो दिनों से सिग्नल पूरी तरह से गायब हैं। आए दिन संचार सेवा बाधित होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। क्षेत्रवासियों ने विभाग से जल्द संचार सेवा बहाल करने की मांग की है। डिजिटलीकरण के दौर में कपकोट के कई गांव जहां संचार सुविधा से वंचित हैं, वहीं अधिकतर गांवों में केवल बीएसएनएल ही संचार का माध्यम है। ऐसे में आए दिन बीएसएनएल सेवा की खराबी के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिगनल



गायब होने से मोबाइल शोपीस बन रहे हैं, तो इंटरनेट की सुविधा का लाभ उठाने से भी लोग वंचित हो रहे हैं। ऑनलाइन व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अक्सर बीएसएनएल के सिगनल गायब हो जाते हैं। पिछले सप्ताह भी करीब तीन दिन तक लोगों को संचार सेवा से वंचित रहना पड़ा था। रविवार से फिर वही हालात बन गए हैं। लोगों ने क्षेत्र की बीएसएनएल सेवा को दुरुस्त करने की मांग की। इधर, बीएसएनएल के एसडीओ हेमंत जोशी ने कहा कि कर्मचारी लाइन की खराबी को दुरुस्त कर रहे हैं। जल्द ही संचार सेवा बहाल करा दी जाएगी।

## विवाह से पहले दहेज मांगने का आरोप

काशीपुर। ग्रामीण ने एक युवक पर शादी से पहले अधिक दहेज मांगने का आरोप लगाया है। ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। रविवार को ग्राम नंदपुर नरका टोपा निवासी ने पुलिस को तहरीर दी। कहा उसने तीन साल पहले अपनी पुत्री का रिश्ता गांव बाजपुर निवासी युवक से तय किया था। जिसमें उसके द्वारा 70 हजार रुपए खर्च किए गए थे। बताया कि युवक के पिता ने एक वर्ष में विवाह कराने की बात कही थी, लेकिन उनके द्वारा धीरे–धीरे समय को बढ़ाते हुए तीन वर्ष हो चुके हैं। अब युवक के पिता दहेज में बुलेट बाइक, बड़े होटल में विवाह कराने और विवाह में 10 लाख से अधिक खर्च करने की मांग कर रहे हैं।

# लोहाघाट में 1380 में 1240 ने परीक्षा दी



चम्पावत। लोहाघाट में रविवार को पांच केन्द्रो में पुलिस आरक्षी की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कुल 1380 पंजीकृत छात्र–छात्राओं मे 1240 ने परीक्षा दी और 140 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को शांति पूर्वक संपन्न करवाने में पांचों परीक्षा केन्द्र में पुलिस की पुख्ता व्यवस्था की गई थी। रविवार को सीईओ जितेन्द्र सक्सेना और जोनल मजिस्ट्रेट अनिल चन्याल ने बताया कि लोक सेवा आयोग उत्तराखंड की ओर से पुलिस आरक्षी, पीएसी, आईआरबी, अग्निशामक परीक्षा 5 केंद्रों पर हुई। जिसमें विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कुल 300 परीक्षार्थियों में से 269 परीक्षार्थियों ने परीक्षा और 31 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। जीआईसी लोहाघाट में 200 में से 177 उपस्थित और 23 अनुपस्थित, राजकीय पॉलिटेक्निक लोहाघाट में 150 में से 131 और 19 अनुपस्थित, जीजीआईसी लोहाघाट में 230 में से 207 ने परीक्षा दी और 23 अनुपस्थित, पीजी कॉलेज में कुल 500 में 456 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 44 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

## पुलिस ने अवैध शराब की भट्टियां तोड़ी, दो आरोपी फरार



रुद्रपुर। पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाकर शराब की दो भट्टियां और करीब सात हजार लीटर लहन नष्ट किया। इस अलावा 25 लीटर शराब जब्त की। जबकि मौके से दो आरोपी फरार होने में कामयाब रहे। रविवार को कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने बताया कि गुरुनानकनगरी, गोठा के जंगलों में छापेमारी की गई। इस दौरान शराब बनाने के उपकरण, चार ड्रम, चार प्लास्टिक पाइप, दो एल्मुनियम पाइप, एक स्टील का डोगा, दो जरकिन में लगभग 25 लीटर शराब जब्त की। जबकि मौके से मंजीत सिंह, लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा निवासी गुरुनानकनगरी गोठा फरार हो गये। बताया पुलिस ने मौके पर सात हजार लीटर लहन नष्ट किया। यहां एसएसआई विनोद फर्त्याल, एसआई जनार्दन भट्ट, नरेंद्र यादव, भगवती प्रसाद रहे।

## सट्टा खिलाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

रुद्रपुर। पुलिस ने सट्टा खिलाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से सट्टे की डायरी व नगदी बरामद हुई है। बाजार चौकी पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में इस्लामनगर से सट्टा खिलाने के आरोप में हसरत उर्फ मझले निवासी वार्ड 3 इस्लामनगर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से एक सट्टा डायरी, 1550 रुपये की नगदी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# रम्पुरा में पत्नी ने की थी पति की हत्या

रुद्रपुर। रम्पुरा निवासी एक युवक शुक्रवार को घर में मृत अवस्था में मिला था। परिजनों ने उसकी पत्नी पर हत्या का अंदेशा जताकर पुलिस को तहरीर सौंपी थी।

पुलिस ने मृतक की पत्नी पर हत्या का केस दर्ज कर लिया था। साथ ही उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी थी। पत्नी ने पति की हत्या की बात कबूली है। कोतवाली के एसएसआई केसी आर्या ने बताया कि शुक्रवार को किशन कोली पुत्र चिमन लाल




अपने घर पर मृत अवस्था में मिला था। मामले में पत्नी कमलेश के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसे हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के दौरान कमलेश ने बताया कि 17 फरवरी 2018 को उसका विवाह किशन के साथ हुआ था। अत्यधिक शराब का सेवन करने के चलते दोनों के बीच बहस हो गई। इससे नाराज होकर वह जनवरी 2019 में मायके चली गई। इस बीच उसने तलाक का आवेदन किया तो 24 फरवरी 2020 को तलाक हो गया। इसके बाद 25 नवंबर 2022 को उनका आपस में समझौता हो गया। इसके बाद आठ दिसंबर को पति उसे अपने घर ले आया। शुक्रवार रात पड़ोस में पार्टी थी। किशन शराब में धुत होकर घर आया। इस बीच उसकी किशन से कहासुनी हो गई और उसने गला दबाना शुरू कर दिया। नशे में होने के कारण किशन उसका विरोध नहीं कर पाया और उसकी मौत हो गई।

# सरोवर नगरी नैनीताल में बैठकी होली का शुभारम्भ

नैनीताल। सरोवर नगरी नैनीताल व उसके आसपास पौष मास के रविवार के अवसर पर श्री रामसेवक सभा ने बैठकी होली का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत नैनीताल के पूर्व विधायक डॉक्टर नारायण सिंह जंतवाल ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर महासचिव जगदीश बावड़ी ने सभी का स्वागत किया। बता दें कि पौष मास दसवां मास है जिसमें चंद्रमा पुष्य नक्षत्र में होता है। पौष मासपूजा पाठ जप तप, दान के लिए शुभ है। सूर्य की आराधना आरोग्य तथा सौभाग्य देता है। पौष के प्रथम रविवार से निर्वाण की होली बैठक के रूप में प्रारंभ होती है जो भक्ति पर आधारित होती है। विश्व की उत्पत्ति का जीवन की ऊर्जा का स्त्रोत है। बसत पंचमी से श्रृंगार होली प्रारंभ होगी। होली ऋतु परिवर्तन दरसाता है। इसी क्रम में श्री



रामसेवक सभा उत्तराखंड की संस्कृति संरक्षण एवं विरासत को आगे बढ़ाने में ध्वज वाहक का कार्य कर रही है। होली के शुभारंभ में सतीश पांडे, नरेश, राजा शाह, मिथिलेश पांडे, मनोज पांडे, नरेंद्र बिष्ट, अजय कुमार, रक्षित शाह, बीरेंद्र, पारस जोशी, वंश जोशी ने शास्त्रीय संगीत पर होली गायन शुरू किया। जिसमें नवीन बेगाना ने तबले तथा लोटा संगीत में गिरीश भट्ट ने सहयोग दिया। होल्यारो ने मदिर में दीपक वारु में सजन, गणपति को भज लीजे राशि मोरा, शंकर सुमन भवानी के नंदन गाइए गबपती नंदन आदि कहा है, ऊंचे भवन पर्वत पर बस रही है तेरी अंत नही है, आदि होली प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज साह तथा संचालन प्रो0 ललित तिवारी ने किया। इस अवसर पर अशोक साह, राजेंद्र बिष्ट, मुकेश जोशी, बिमल साह, राजेंद्र लाल साह, हरीश राणा, डॉक्टर मनोज बिष्ट गुड्डू, कुंदन नेगी, एडवोकेट मनोज शाह, अमर साह, रोहित हीरा सिंह, नीरज बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## चौपाल लगाकार दी यातायात के नियमों की जानकारी

बागेश्वर। यातायात व्यवस्था में सुधार करने को पुलिस ने चौपालों का आयोजन किया। जिसमें स्थानीय लोगों, टैक्सी चालक आदि ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। लोगों को नियमों की जानकारी दी। पालन करने को कहा। ऐसा नहीं होने पर पुलिस नियमानुसार कार्रवाई करेगी। पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा ने कोतवाली, भराड़ी आदि स्थानों पर चौपाल लगाई। क्षेत्र की यातायात व्यवस्था पर मंथन किया। लोगों के सुझाव लिए और उन पर कार्य होगा। ताकुला टैक्सी स्टैंड पर यातायात प्रभारी जगदीश ढकरियाल ने चालकों को नियमों के बारे में अवगत कराया। इस दौरान उपनिरीक्षक प्रहलाद सिंह आदि उपस्थित थे। कपकोट में थानाध्यक्ष प्रताप नगरकोटी ने चौपाल लगाई। बैजनाथ में कैलाश सिंह बिष्ट, कांडा में मनवर सिंह ने लोगों से सुझाव लिए।

# स्पर्श गंगा के तहत भाषण व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

अल्मोड़ा। राजकीय महाविद्यालय, शीतलाखेत, अल्मोड़ा के सभागार में स्पर्श गंगा दिवस के उपलक्ष्य पर भाषण सहित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एवं व्याख्यान सत्र में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर लल्लन प्रसाद वर्मा ने कहा कि यह देश में पहला ऐसा अभियान है, जो स्कूली छात्रों को जागरूक करने के साथ–साथ देश की जनता को गंगा स्वच्छता के संरक्षण के प्रति जागरूक करता है।

यह अभियान 2009 में उत्तराखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान हरिद्वार सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा शुरू किया गया था। संपूर्ण मानव इतिहास में शुरू से ही नदियों का महत्त्व रहा है। अविरल गंगा का जल मूल प्राकृतिक संसाधन है।

भारत जैसे देश में जहाँ की अधिकांश जनसंख्या जीविका के लिये कृषि पर निर्भर है, वहां सिंचाई, नौसंचालन और जलविद्युत निर्माण के लिये नदियों को संरक्षित रखना हम सबका कर्त्तव्य है।

डॉ ईशान गैरोला ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हमें गंगा को स्वच्छ रखने के लिए शपथ लेनी चाहिए संकल्प लेना चाहिए कि गंगा हमारी मां है यह जीवनदायिनी है मोक्षदायिनी है इसे स्वच्छ, पवित्र, निर्मल रखना हमारा परम कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रकाश चंद्र जांगी ने करते हुए कहा कि गंगा की जन्मस्थली उत्तराखंड से आज के ही दिन 17 दिसबर 2009 को उत्तराखंड के नौनिहालों ने सामुदायिक सहभागिता के साथ गंगा और उसकी सहायक नदियों की अविरलता निर्मलता के लिए स्पर्श गंगा अभियान प्रारंभ किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ सीमा प्रिया डॉक्टर ईशान गैरोला डॉक्टर खीमराज जोशी शिक्षणेत्तर कार्मिक हेमंत सिंह मनराल श्री रमेश राम श्री विनोद रतन आदि सहित महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# यातायात व्यवस्था को दुरस्त करने को पुलिस ने की बैठक

पिथौरागढ़। नगर में मुसीबत का सबब बनी यातायात व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए पुलिस ने व्यापारी, होटल कारोबारी, बारात घर व टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों के साथ चौपाल लगाई। इस दौरान लोगों ने यातायात समस्या को दूर करने के लिए अपने सुझाव रखे। किसी ने नई पार्किंग निर्माण पर जोर दिया तो किसी ने विवाह सीजन के दौरान वाहनों को डॉयवर्ट करने की बात कही। नगर के केएमओयू स्टेशन में बीते रोज यातायात प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह नेगी व एसआई दरबान सिंह के नेतृत्व में चौपाल लगी। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में यातायात बड़ी समस्या बनकर लोगों के सामने खड़ी हो गई है। आए दिन ही लोगों को सड़कों पर जाम से जूझना पड़ रहा है।



नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष तपन रावत ने सुझाव देते हुए कहा कि वॉर्ड वाइज बेनाप भूमि में पार्किंग का निर्माण हो। उन्होंने महात्मा गांधी मार्ग में खड़े होने वाले वाहनों को चंडाक रोड़ व एंचोली के वाहनों को हनुमान मंदिर के समीप पार्क करने की बात कही। उन्होंने पुलिस की ओर से की जा रही चालान की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। महासचिव रोहित चौहान ने कहा कि विवाह के सीजन के दौरान वाहनों को डॉयवर्ट किया जाय। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र भट्ट ने कहा शहर में सिटी बसों का संचालन किया जाए।

## 23.56 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

रुद्रपुर। जाफरपुर मोड़ के पास स्मैक बेच रहे एक युवक को पुलिस ने दबोच लिया। शानिवार रात एसआई अशोक फर्त्याल, हेड कांस्टेबल आसिफ हुसैन, जरनैल सिंह टीम के साथ गश्त पर थे। उन्होंने सूचना मिली की जाफरपुर मोड़ के पास एक युवक स्मैक बेच रहा है। इस पर वे टीम समेत मौके पर पहुंचे तो आरोपी भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पाास से 23.56 ग्राम स्मैक, एक हजार रुपये और मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम ग्राम अमरपुर निवासी अंग्रेज सिंह उर्फ मोंटी बताया। आरोपी ने बताया कि वह स्मैक मीरगंज बरेली के रहने वाले सलमान नामक व्यक्ति से खरीदकर लाया है। बरामद रुपये भी उसने स्मैक बेचकर कमाए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# श्रम अधिकारी ने किया ठेकेदार को तलब

बागेश्वर। बागेश्वर–गिरेछीना मोटर मार्ग में गोमती नदी की खाई के उपर लोनिवि के ठेकेदार द्वारा दीवार निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसका सूचना मिलने के बाद श्रम विभाग की नींद खुली तथा निर्माण स्थल पहुंचे व मजदूरों से बिना सुरक्षा उपकरण के कार्य न करने को कहा। इस मामले में ठेकेदार को तलब किया है। लोगों की निगाहें अब विभागीय कार्रवाई पर टिकी हैं। मालूम हो कि बागेश्वर–गिरेछीना मोटर मार्ग में डिफेक्ट कटिंग का कार्य किया जा रहा है जिसमें कई मानकों का उल्लंघन किया जा रहा है। पूर्व में विभाग द्वारा एनजीटी की मानकों की धज्जियां उड़ाते हुए नदी में कई टन मलबा डाला। प्रशासन व अधिकारियों की जानकारी के बाद भी प्रशासन ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में ग्रामीणों के विरोध के चलते ठेकेदार ने इसे



नदी में डालना बंद किया। इसके पश्चात ग्रामीणों के विरोध के बाद ठेकेदार ने मार्ग में शीतकाल में मिट्टी के उपर किया डामरीकरण कार्य रोका। इधर एक बार फिर बिना सुरक्षा उपकरणों के मजदूरों से कार्य कराने का मामला प्रकाश में आया। विभागीय कर्मचारियों ने दौरा किया तथा फोटोग्राफ लिए । पाया कि खाई के उपर व चट्टान के नीचे मजदूर जान जोखिम में रखकर कार्य कर रहे हैं। जिस पर कर्मचारियों ने ठेकेदार को कार्यालय में तलब किया है। विभाग इन मजदूरों की सुरक्षा के लिए क्या कार्रवाई करता है इस पर लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं।

मासूम बच्चों की जिंदगी पर भी खतराः श्रम विभाग के निरीक्षण में पाया गया कि चट्टान से पत्थर गिरने का भय है तथा नीचे खाई में गिरने का भी भय है। वहां पर मासूम बच्चे बैठे हुए हैं। श्रम कर्मचारियों ने मजदूरों से बच्चों की सुरक्षा रखने के निर्देश दिए। साथ ही स्वयं भी बिना उपकरण के कार्य न करने की चेतावनी दी।सूचना मिलने पर विभागीय कर्मचारी ने दौरा किया है। सोमवार को इसकी रिपोर्ट उन्हें मिलेगी। इसके बाद ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। – राजेंद्र सिंह बिष्ट, श्रम परवर्तन अधिकारी बागेश्वर।

# सेना का अपमान कर रहे राहुल गांधी : बिपिन

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने साधा राहुल गांधी पर निशाना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बिपिन कैंथोला ने राहुल गांधी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा भारतीय सेना और चीन को लेकर दिए बयान सेना और देश का अपमान है।

कहा कि राहुल गांधी को अब इस तरह की बचकाना हरकत करना छोड़ देना चाहिए। बार-बार देश और हमारे वीर जवानों को कटघरे में खड़ा करने से बचना चाहिए, बिपिन कैंथोला ने कहा कि आज देश की सेना का अपमान करना युवराज और कांग्रेस नेताओ में फैशन बन गया है, ये लोग कभी सेना के कार्य पर सवाल उठाते हैं, तो कभी सेना प्रमुख को गुंडा बताते है।

कैंथोला ने कहा कि इस तरह की बातों से सेना का मनोबल गिरता है और कांग्रेस के नेता लगातार ऐसा कर रहे है, जो कि बहुत ही शर्मसार करने वाला आचरण है। कैंथोला ने कहा कि तवांग में हमारी सेना के शौर्य और पराक्रम की जितनी तारीफ की जाए कम है। हमे अपनी भारतीय सेना पर फर्क ओर गर्व है। आज भारतीय सेना किसी भी परिस्थिति से निपटने को हमेशा मुस्तैद है व तंवाग मे जो भी सेना ने किया वह उसी का उदाहरण है। चीन पीएलए की भारतीय सैनिकों ने जमकर कुटाई की व अपनी जमीन मे एक इंच भी घुसने नही दिया। कहा कि यह नया भारत है जहां सेना को पूर्ण छूट है।

कैंथोला ने कहा कि राहुल गांधी का बयान अपमानजनक है और राष्ट्र विरोधी तत्वों को प्रेरित करता है,यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और भारतीय सेना का अपमान करने वाला बयान है। कहा कि राहुल गांधी को अपने गलत बयान के लिये देश के लोगों और सेना के जवानों से माफी मांगनी चाहिए।

# अनुकृति बोलीः राजनीति से सन्यास ले दिलीप रावत

## कांग्रेस नेत्री अनुकृति गुसाईं ने लैंसडौन विधायक पर साधा निशाना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः विधान सभा लैंसडौन से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुकी अनुकृति गुसाई रावत ने स्थानीय विधायक दिलीप रावत के उस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिसमें उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में लैंसडौन का बेहतर विकास नहीं हो पाया है।

एक बयान में कांग्रेस नेत्री अनुकृति गुसाई रावत ने कहा कि उनके इस बयान से अब सच जनता के सामने आ गया है। कहा कि पिछले 11 वर्षो के कार्यकाल में दिलीप रावत लैंसडाउन को न तो पर्यटन नगरी बनाने में और न ही युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में सफल रहे हैं। इस बात को उन्होंने ईमानदारी से स्वीकार भी कर लिया है।

उन्हें अब राजनीति से सन्यास लेकर किसी और को मौका देना चाहिए, जो अपने विजन के जरिए लैंसडाउन शहर और विधानसभा का भला कर सके। पिछले 11 वर्षों में लैंसडौन विधानसभा पर्यटन के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे विकास के महत्वपूर्ण मामलों में भी पिछड़ गई है। कहा कि जनता के हित को देखते हुए लैंसडौन विधायक दिलीप सिंह रावत को राजनीति से सन्यास ले लेना चाहिए।

# गुलाबराय मैदान में मलबा डालने का किया विरोध

रुद्रप्रयाग। मुख्यालय स्थित गुलाबराय मैदान में प्रशासन द्वारा रेलवे का मलबा डालने का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पहले अपनी कार्ययोजना का लिखित मैप दिखाए। बिना जनता की सहमति से कोई भी कार्ययोजना पर काम नहीं होने दिया जाएगा। गुलबाराय मैदान में प्रशासन की अनुमति पर जैसे ही मलबा डालने का काम किया गया। तो स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। हालांकि प्रशासन का कहना है कि गुलाबराय मैदान के सौन्दर्यीकरण की दिशा में कार्रवाई की जा रही है किंतु स्थानीय लोगों को प्रशासन की बात पर भरोसा नहीं था। उन्होंने मैदान में पहुंचकर इसका विरोध किया। सभासद संतोष रावत, लक्ष्मण कप्रवान, कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रशांत डोभाल, तरुण पंवार आदि ने कहा कि गुलाबराय का मैदान स्थानीय लोगों ने राइंका रुद्रप्रयाग को इसलिए दान दिया था कि यहां बच्चों को खेलकूद का बेहतर मैदान मिल सके। किंतु वर्षों गुजर जाने के बाद भी इस मैदान को नहीं सुधारा गया बल्कि इस पर अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया। इसी सुंदरता और प्रभावित हो गई है। अब, प्रशासन मैदान में मलबा डालने का काम कर रहा है जबकि इससे कई तरह की दिक्कतें होगी। इससे लगी हुई स्थानीय लोगों की जमीन है। उन्होंने कहा कि बिना स्थानीय जनता को विश्वास में लेकर किसी तरह की प्रशासन की योजना पर काम नहीं होने दिया जाएगा। इधर, लोगों ने मौके पर पहुंची एसडीएम सदर अर्पणा ढौंडियाल से भी काफी बहस की। हालांकि उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनके अनुसार ही कार्य करने का भरोसा दिया।

### वृहद सफाई अभियान चलाया

चमोली। राजकीय इंटर कॉलेज गोदली के स्वयं सेवियों ने विद्यालय परिसर और खुड गदेरा में वृहद सफाई अभियान चलाया। एनएसएस के स्वयं सेवियों ने विद्यालय के क्षतिग्रस्त मार्ग को भी सुधारा। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी धन सिंह ( पेड़ वाले गुरुजी ) के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने जल स्रोतों के संरक्षण और वनों को हरा बनाने का संकल्प लिया।

# अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

रुड़की। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर कोतवाली परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अल्पसंख्यक समाज के लोगों को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से दुर्गा मॉडर्न इंटर कॉलेज की तीन छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रविवार को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर कोतवाली परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अल्पसंख्यक समाज के विभिन्न लोगों ने हिस्सा लिया। गोष्ठी में पहुंचे लोगों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को पुलिस के सामने रखा। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग की। कार्यक्रम में दुर्गा मॉडर्न इंटर कॉलेज की तीन छात्राओं को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से जारी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन छात्राओं में इंटरमीडिएट की गुलअफशा ने 96 प्रतिशत, मुस्कान ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। वहीं हाई स्कूल की छात्रा आशना ने 95.06 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। तीनों छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई है, जो कि सीधे उनके खातों में भेजी जा रही है। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे इंस्पेक्टर मंगलौर मनोज कुमार मैनवाल ने अपने संबोधन में अल्पसंख्यक समाज के लोगों को उनके अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को शिक्षा की ओर और ज्यादा ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर एसएसआई दीप कुमार, उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह राठी, नंदकिशोर भट्ट, सोहन मेहरा, पूर्व पालिकाध्यक्ष चौधरी इस्लाम, भाजपा नेता जमीर हसन अंसारी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अनीस अहमद गौड, आदेश जैन, जुल्फिकार अहमद, विनीत भाटिया, रईस अहमद, ऐजाज अहमद, अब्दुल रहमान, नसीम अहमद, विकास कुमार, संजीव कुमार, सरफराज अहमद और मोहम्मद राशिद आदि मौजूद रहे।

### भाजपा पदाधिकारियों बनने पर किया स्वागत

रुड़की। सीमली मौहल्ला निवासी नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष रामसिंह वाल्मिकी को भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश मंत्री बनाया गया है। साथ ही नगला खिताब के चौधरी जितेंद्र कुमार को हरिद्वार जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष का पद दिया गया है।

रविवार को लक्सर सिविल बार के पूर्व अध्यक्ष सहदीप सिंह की ओर से आयोजित कार्यक्रम में दोनों पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो में सचिन अग्रवाल, कुलदीप सिंह, आशु सैनी और बिट्टू सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मां-बेटों से मारपीट में दंपत्ति समेत छह पर केस

हरिद्वार। चंडीघाट पुल के पास ढाबा संचालक मां-बेटों से मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दंपति समेत छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में गीता निवासी ग्राम गाजीवाला श्यामपुर ने बताया कि उनका चंडी चौक के पास ढाबा है।

बगल में सोनू नाम का युवक भी ढाबा चलाता है। आरोप है कि सोनू इसी बात को लेकर उनसे रंजिश रखता है।

पूर्व में वह ढाबा हटाने की धमकी दे चुका था। आरोप है कि 25 सितंबर को सोनू, उसकी पत्नी गंगा ने अपने परिचितों के साथ मिलकर गाली-गलौज करते हुए ढाबे में तोड़फोड़ कर दी। आरोप है कि उसके बेटे केशव, सुधांशु को भी लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा गया।

# रजाई गद्दे की दुकान में लगी आग

देहरादून। माता मंदिर रोड अजबपुर स्थित रजाई गद्दे की दुकान में रविवार सुबह आग लग गई। आग की लपटे इतनी तेजी से फैली कि उन्होंने पास के पोल से गुजर रहे प्लास्टिक केबल को चपेट में ले लिया। अग्निशमन विभाग की टीम करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इमरान पिछले कई वर्षों से माता मंदिर रोड स्थित एक प्लाट में रजाई-गद्दे बेचने और भरने की दुकान की चुलाते हैं। रविवार सुबह करीब दस बजे दुकान में रखी रुई ने धुएं का गुब्बार निकलता दिखाई दिया। इमरान ने आग बुझाने की कोशिश की तो उसका हाथ झुलस गया। उसने आसपास के लोगों की मदद से पहले से भरे रखे काफी रजाई-गद्दे अलग कर दिए। वहां रखी रुई और कुछ अन्य सामान आग लगने से



जल गया। नेहरू कॉलोनी थानाध्यक्ष लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया प्लाट में रुई में आग से ऊंची लपटे उठीं। इससे पास के पोल पर फैली केबिल भी जल गई। आग पर अग्निशमन विभाग की मदद से काबू पाया गया। आग लगने की वजह की जांच की जा रही है।

# गरीब और मेधावी छात्रों को वाटर बोतल और गर्म कपड़े बांटें

नई टिहरी। तीर्थनगरी स्थित प्राचीन श्री रघुनाथ कीर्ति संस्कृत परिसर के गरीब, मेधावी छात्रों को हिंदू हेल्प लाइन के प्रदेश संयोजक अशोक टोडरिया ने गर्म कपड़े तथा ठंडे और गर्म पानी रखने के लिये वाटर बोतल भी वितरित की। श्री बदरीश पंडा पंचायत कोषाध्यक्ष अशोक टोडरिया ने छात्रों की मांग पर विद्यालय को शीघ्र ही कम्प्यूटर सेट देने की भी घोषणा की। प्रधानाचार्य डॉ. शैलेंद्र नारायण कोटियाल, डॉ. सुशील बडोनी, अमित बंदोलिया, प्रीति तिवारी, अविनाश कोटियाल ने इस पहल का स्वागत करते आभार जताया।

## चंबा के शिवम फ्लाइंग ऑफिसर बने

नई टिहरी। चंबा ब्लॉक के हडम गांव निवासी शिवम कोठारी ने भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनकर गांव एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बीते शनिवार को भारतीय वायु सेना अकादमी हैदराबाद में हुई पासिंग आउट परेड में शिवम कोठारी फ्लाईंग आफिसर बने। उनके पिता सुनील गोपाल कोठारी चंबा कस्बे में दुकान चलाते हैं, मां सुषमा कोठारी गृहणी है। शिवम कोठारी के पिता ने बताया कि उनके बेटे ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा चंबा से ही प्राप्त की है। शिवम को पहले से ही भारतीय सेना में जाकर देश सेवा करने का जज़्बा रहा है। बताया शनिवार को भारतीय वायु सेना अकादमी हैदराबाद से पास आउट होकर शिवम फ्लाईंग आफिसर फाइटर बन गया है, उनकी पोस्टिंग कर्नाटक के बीदर में हुई है।

## मेडिकल कालेज को लेकर 20 को बैठक

नई टिहरी। जनपद में मेडिकल कालेज की स्थापना के विषय को लेकर अब बैठक आगामी 20 दिसंबर को विधायक किशोर उपाध्याय की मौजूदगी में होगी। जिला कार्यालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कतिपय कारणों से 19 दिसंबर को होने वाली इस बैठक को अब 20 दिसंबर को किया जायेगा।

## जेंडर की परिभाषा एवं सामाजिक भेदभाव पर संवाद किया

रुद्रप्रयाग। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में जेंडर विषय को लेकर संवाद किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने इस आयोजन में बढ़-चढकर हिस्सा लिया। साथ ही कई सवाल भी किए। जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जेंडर की परिभाषा एवं सामाजिक भेदभाव पर संवाद किया गया। इस मौके पर संवाद और वीडियो के द्वारा छात्र-छात्राओं तक प्राकृतिक अंतर व सामाजिक भेदभाव का संदेश दिया गया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने इस विषय पर अपने विचार रखे। साथ ही कई सवाल भी किए जिनका जानकारों द्वारा समाधान की दिशा में उत्तर दिया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के करण सिंह एवं श्रुति नेगी ने इस मौके पर अपने विचार रखे साथ ही आने वाले समय में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का भरोसा दिया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आशुतोष त्रिपाठी, वरिष्ठ बीबीए फैकल्टी पूजा रानी द्वारा इस कार्यक्रम का बेहतर संचालन किया गया। इस मौके पर डॉ बीएस चौहान, वरिष्ठ फैकल्टी राजनीतिक विज्ञान श्रीकांत, रजनी नियति, कविता, अजीता मौजूद थे।

## नरेंद्रनगर में कराटे प्रतियोगिता 25 दिसंबर को

नई टिहरी। आगामी 25 दिसम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे से नगर पालिका परिषद नरेन्द्रनगर के टाउन हॉल नरेन्द्रनगर में विभिन्न आयु वर्ग में (अन्डर 10 वर्ष, अन्डर-10-11, अन्डर-12-13, अन्डर-14-15, अन्डर- 16-18, अन्डर-20) बालक व बालिकाओं की जिला स्तरीय कराटे (काता एवं कुमिते) प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार पौरी ने बताया कि जिला खेल कार्यालय नरेन्द्रनगर द्वारा यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक खिलाड़ियों को जन्म तिथि प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति तथा विद्यालय निर्गत टीम की सूची अभिलेख साथ लाने होंगे।

# जोशीमठ ने जीता क्रिकेट का खिताब

चमोली। अनुसूचित जनजाति के जूनियर बालकों की तीन दिवसीय जनपद स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर में सम्पन्न हुई।

लीग आधार पर आयोजित प्रतियोगिता में अंकों के आधार पर फाइनल मैच जोशीमठ और जीआईसी नन्दप्रयाग के मध्य खेला गया। जिसमें नन्दप्रयाग की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 4 विकेट खोकर 137 रन बनाये। सर्वाधिक रन भानू ने 46 रन तथा सर्वाधिक विकेट अनूप ने 2 विकेट का योगदान दिया जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए जोशीमठ ने मात्र 4 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त किया। विजेता की ओर से मोहित ने 74 रन तथा जय कृष्णा ने 2 विकेट का योगदान देकर जनपदीय क्रिकेट



प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर खेल विभाग के सीएओ वीएस चौधरी, रश्मि विष्ट, एनएस नेगी, राजपाल सिंह, उत्तम सिंह, अनूप नेगी, शिक्षक अवतार सिंह बिष्ट ,नरेन्द्र सती, विजय बिष्ट, जयवीर सिंह आदि मौजूद थे।

### मेला अस्पताल में मरीजों को जल्द मिलेगी लिफ्ट की सुविधा

हरिद्वार। मेला अस्पताल में मरीजों को जल्द ही लिफ्ट की सुविधा मिलेगी। मेला अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश गुप्ता ने बताया कि नई लिफ्ट लगाने के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया को शुरू कर दिया जाएगा। मेला अस्पताल के दूसरे माले पर डायलिसिस यूनिट है। जबकि उसके ऊपर आईसीयू वार्ड हैं। मेला अस्पताल के अनुसार एक माह में पांच सौ डायलिसिस होती हैं। लेकिन लंबे समय से अस्पताल की लिफ्ट खराब होने के कारण डायलिसिस के मरीजों को भी मजबूरन पैदल जाना पड़ता है। मेला अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों की सहूलियत के लिए लिफ्ट की सुविधा को फिर से शुरू करने की तैयारी कर दी है।

# उद्यमिता प्रशिक्षण लेकर छात्र बनेंगे आत्मनिर्भर

चमोली। अब छात्र उच्च शिक्षा के साथ साथ छात्र उद्यमिता का प्रशिक्षण भी लेंगे।

जिसमें समूह आदि के माध्यम से छात्र-छात्राएं आत्मनिर्भर के गुर सीखेंगे। जिसके लिए डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत छात्र उद्यमिता एवं कौशल कार्यक्रम 2022-23 की शुरुआत की गई। कार्यक्रम शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डा. एमएस कंडारी ने पोस्टर लांच कर किया।

जिसके बाद महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के प्रोजेक्ट फैकल्टी अनूप बिजल्वाण ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की इस कार्यक्रम के अंतर्गत देश के समस्त शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता विकास कोष्ठ का गठन कर छात्रों में स्वयं सहायता समूह बनाकर छात्रों द्वारा उद्यमिता कौशल, व्यावसायिक एवं व्यापारिक गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. एमएस कंडारी ने कहा की इस कार्यक्रम से महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। महाविद्यालय में छात्र हित को देखते हुए ऐसे कार्यक्रम और संभावनाएं भविष्य में भी तलाशी जाएंगी। इस कार्यक्रम में डा. आरसी भट्ट, डा. चंद्रावती टम्टा, डा. मृगांक मलासी, डा. हरीशचंद्र बहुगुणा, डा. सीमा पोखरियाल, डा. पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

# विधायक ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

हरिद्वार। ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हजारा ग्रांट स्थित मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक रवि बहादुर ने रिबन काटकर किया। विधायक ने कहा कि किसी भी खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार जीत होती है। हार से कभी मायूस नहीं होना चाहिए बल्कि अपनी कमी का सुधार करना चाहिए।

पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी युवाओं को प्रतिभा दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी खेल से अपना कैरियर बना सकते हैं। कई युवाओं ने खेल से अपने समाज और देश का नाम रोशन किया। क्षेत्र के युवाओं के लिए शासन से स्टेडियम की मांग की जाएगी। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के युवा खेलकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। टूर्नामेंट आयोजन के सदस्य अमजद अली ने बताया कि 18 दिसंबर से 18 जनवरी तक क्रिकेट टूर्नामेंट जारी रहेगा। जिसमे जिले की 32 टीम हजारा ग्रांट, सलेमपुर, बोंगला, बोडाहेडी, औरंगाबाद, कोटा मुरादनगर, तेलीवाला, दौलतपुर, धनपुरा, बढ़ेडी, कलियर, मेवड, रसूलपुर, लाल वाला, बंदरजूड, आसफनगर, टांडा, इनायतपुर, इब्राहिमपुर आदि प्रतिभाग कर रही है। पहला मैच सलेमपुर और बोंगला के बीच हुआ। जिसमें सलेमपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 122 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

### गंगादूत प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिद्वार। श्यामपुर क्षेत्र के चिल्ड्रन एकेडमी परिसर में रविवार को नमामि गंगे परियोजना के सौजन्य से युवाओं की सहभागिता के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र हरिद्वार के तत्वावधान में दो दिवसीय गंगादूतों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राकेश कुमार ने गंगा का पौराणिक महत्व को बताते हुए युवाओं से कहा कि हम सभी को गंगा के संरक्षण के लिए एक साथ आगे आना चाहिए। गंगा नदी हमारी पौराणिक धरोहर है, जिससे देश की संस्कृति जुड़ी है। वन विभाग के प्रतिनिधि नेत्र सिंह ने कहा कि नमामि गंगे योजना में वन विभाग द्वारा बनाई गई गंगा वाटिका आमजन के जीवन में बहुमूल्य उपलब्धि है।

# नशे में पेड़ पर चढ़ा नेपाली, कई घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने उतारा

हरिद्वार। परिचित से शराब पीने के दौरान हुए विवाद के बाद मारपीट की आशंका के चलते नेपाली मूल का एक व्यक्ति पीपल के पेड़ पर चढ़ गया। उसको नीचे उतारने को लेकर पुलिस महकमा पूरी रात हलकान रहा। बाद में दमकलकर्मियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद जैसे-तैसे उसे पेड़ से नीचे उतारा। व्यक्ति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला हरिद्वार रेलवे स्टेशन कैंपस के ठीक बाहर का है। देर रात नेपाली मूल का एक व्यक्ति पीपल के पेड़ पर चढ़ गया। पेड़ पर चढ़कर उसने हंगामा खड़ा कर दिया। देखते ही देखते मौके पर आमजन जमा हो गए। सूचना मिलने पर शहर कोतवाली पुलिस



पहुंच गई। पुलिस ने उसे नीचे उतरने की बात कही, लेकिन वह नहीं माना। कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने दमकल महकमे से संपर्क साधा, जिसके कुछ देर बाद दमकलकर्मी मौके पर पहुंच गए। जैसे ही दमकलकर्मी पेड़ के ऊपर चढ़ने का प्रयास करते वैसे ही व्यक्ति ऊपर चढ़ता जाता। कई घंटों तक मशक्कत चलती रही। सुबह होने पर जब व्यक्ति का नशा उतरा तब उसे दमकलकर्मियों ने नीचे उतार दिया। उसे आनन फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां मेडिकल परीक्षण में शराब पीने की पुष्टि हुई। कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने बताया कि नेपाली मूल के व्यक्ति ने अपना नाम बल बहादुर निवासी कालीकोट नेपाल बताया। केवल इतनी जानकारी दी कि उसने एक परिचित के साथ शराब पी थी, तब उसका किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। उसे अंदेशा था कि वह उसके साथ मारपीट कर सकता है इसलिए वह पेड़ पर चढ़ गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि उसे अभी जिला अस्पताल में ही भर्ती कराया गया है।

# 119843 अभ्यर्थियों ने दी पुलिस परीक्षा, 10586 रहे अनुपस्थित

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को पुलिस आरक्षी, पीएसी, आईआरबी की लिखित परीक्षा का आयोजन कराया गया। लिखित परीक्षा में 119843 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 10586 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। यह परीक्षा प्रदेश के 413 केंद्रों पर आयोजित कराई गई। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से पहली बार उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग की ओर से कराई जाने वाली पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरबीआई,



अग्निशामक के 1521 पदों पर लिखित परीक्षा का आयोजन कराया गया है। रविवार को इस परीक्षा का आयोजन 11:00 से 1:00 के बीच कराया गया। इस परीक्षा के लिए 130429 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि पुलिस आरक्षी, पीएसी, आईआरबी, अग्निशामक की लिखित परीक्षा के लिए 130429 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, इस परीक्षा में 119843 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। 10586 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा के लिए प्रदेश के सभी 13 जनपदों में 419 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। हरिद्वार जनपद में 45 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा कराई गई। सभी परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा शांतिपूर्ण हुई है। दस्तावेज सत्यापन कराने के बाद इस परीक्षा का रिजल्ट करीब डेढ़ महीने बाद जारी कर दिया जाएगा।

## स्वामी यतीश्वरानंद ने लोगों को कंबल बांटे

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव धनपुरा में पूर्व कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया गया। स्वागत के बाद मंत्री ने सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गरीब परिवारों को कंबलों का वितरण किया। रविवार को गांव धनपुरा में भाजपा कार्यकर्ता राजपाल ने गरीब परिवारों के लिये कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने गरीब परिवारों को कंबल वितरण किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा कि जो काम 60 सालों में कांग्रेस ने नहीं किए वो भाजपा ने कुछ सालों में ही कर दिखाए। आज सभी स्कूलों में फर्नीचर और गरीबों को फ्री राशन, वैक्सीन, फ्री शौचालय, पेंशन आदि देने का कार्य भाजपा कर रही है। किसानों को दो हजार रुपये सम्मान राशि देने का कार्य भी भाजपा ने किया है। इस दौरान ग्राम भाजपा कार्यकर्ताओ ने ग्रामीणों का आभार प्रकट किया। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान बबलू राणा, दलीप राणा, शेष राज सैनी, राजपाल, सोनू, गोपी चंद, मांगेराम, विपिन, शिवकुमार आदि उपस्थित रहे।

## थाईलैंड के राजा-रानी को हुआ कोरोना

**बैंकक ,(एजेंसी)।** थाईलैंड के राजा महा वजीरालोंगकोर्न फ्रा वजिराक्लाओचाओयुहुआ और रानी सुथिदा बज्रासुधाबिमललक्षणा बीती शाम को कोरोना संक्रमित पाए गए। राजा और रानी में संक्रमण से हल्के लक्षण पाए गए हैं तथा दोनों का स्वास्थ्य अभी ठीक है। डक्टरों ने उन्हें कुछ समय के लिए शाही कार्यों से दूर रहने की सलाह दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम साप्ताहिक रिपोर्ट के अनुसार थाईलैंड में 04-10 दिसंबर के दौरान कोरोना से संक्रमित 3,961 नए मरीज अस्पताल में भर्ती हुए हैं। इसी के साथ अभी तक 47 लाख से अधिक लोग इस महामारी से संक्रमित हो चुके हैं। वहीं इस दौरान इस संक्रमण से 107 मरीजों की मौत होने के बाद मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 33,392 हो गया है।

## काला सागर विद्युत केबल पर चार देशों के बीच समझौता

**बुखारेस्ट ,(एजेंसी)।** रोमानिया, हंगरी, अजरबैजान और जर्जिया ने शनिवार को कैस्पियन क्षेत्र से रोमानिया तक बिजली के परिवहन के लिए काला सागर पनडुब्बी केबल पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर समारोह में अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने कहा- अजरबैजान को अपने विशाल संसाधनों के लिए आउटलेट की जरूरत है। आज हम अजरबैजान से यूरोप तक एक नया श्पुल बनाने जा रहे हैं। हमारा देश यूरोप, विशेष रूप से हरित ऊर्जा के लिए बिजली का एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता बन जाएगा। चतुर्भुज अंतरसरकारी समझौता परियोजना के कार्यान्वयन के लिए वित्तीय और तकनीकी ढांचा प्रदान करेगा जिसके अनुसार अजरबैजान जर्जिया को बिजली लाइनों के माध्यम से अपनी हरित बिजली की आपूर्ति करेगा, और फिर योजनाबद्ध पनडुब्बी केबल द्वारा रोमानिया और वहां से हंगरी और बाकी यूरोप तक, यूरोपीय परिवहन प्रणाली के माध्यम से आपूर्ति करेगा।

जर्जिया और रोमानिया के बीच 500 केवी पनडुब्बी केबल 1,100 किमी लंबी होगी और इसकी क्षमता 1 जीडब्ल्यू होगी। जर्जियाई ट्रांसमिशन सिस्टम अपरेटर जीएसई ने कहा कि परियोजना में एक दूरसंचार केबल भी शामिल है।

जर्जिया ने कहा है कि व्यवहार्यता अध्ययन 2023 के अंत तक पूरा होने वाला है और केबल 2029 के अंत में बनाया जा सकता है।

## जोहान्सबर्ग में भारी बारिश से 16 की मौत

**जोहान्सबर्ग ,(एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के सबसे बड़े शहर जोहान्सबर्ग में पिछले दो हफ्तों में भारी बारिश से 16 लोगों की मौत हो गई है। जोहान्सबर्ग एमएफओ फालत्से के कार्यकारी मेयर ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, अभी तक जोबर्ग आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं द्वारा 23 लोगों को बचाया गया है और पुलिस ने 148 लोगों को बचाया है। मूसलाधार बारिश ने संपत्ति, जीव-जंतुओं और वनस्पतियों और आवश्यक बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से सड़कों, ट्रैफिक लाइटों, इमारतों, सबस्टेशनों, बिजली स्टेशनों और पाइपलाइनों को नुकसान पहुंचाया है।

## पाकिस्तान की एक और मंत्री की गीदड़ धमकी, भारत को दी परमाणु हमले की धमकी

**इस्लामाबाद ,(एजेंसी)।** एक तरफ पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की पीएम मोदी पर की गई टिप्पणी का सब ओर विरोध हो रहा है वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान की मंत्री शाजिया मर्री ने गीदड़भभकी दी है। उन्होंने मोदी सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि भारत भूले नहीं कि पाकिस्तान एक परमाणु शक्ति है।

# लिव इन पार्टनर ने की प्रेमिका के 12 साल के बेटे की हत्या



**पिरान कलियर, एजेंसी।** जिस प्रेमी के साथ महिला लिव इन रिलेशन में रह रही थी, उसी प्रेमी ने महिला के 12 साल के बेटे की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी ने शव को सटूकेस में रखकर गंगनहर में दें क दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कासिफ के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

एसपी देहात एसके सिंह ने बताया कि बच्चे के शव की तलाश की जा रही है। जांच में पता चला है कि आरोपी कासिफ और महिला दोनों दूर के रिश्तेदार हैं। दोनों की मुलाकात दिल्ली में ही एक रिश्तेदारी में हुई थी। कासिफ कलियर में रहकर ही मजदूरी कर रहा था। आरोपी सीलमपुर दिल्ली का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार, मुस्कान (40) निवासी आलवी नगर, थाना लोनी जिला गाजियाबाद पिरान कलियर में किलकिली साहब रोड पर अपने बेटे अयान (12) और प्रेमी कासिफ के साथ पिछले नौ साल से किराए पर कमरा लेकर रह रही थी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात उसका प्रेमी के साथ विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि वह प्रेमी के मारपीट करने के डर से दरगाह परिसर में जाकर सो गई। रविवार की सुबह जब वह वापस कमरे पर आई तो बेटे को गायब देखा। उसने प्रेमी से बेटे के बारे में पूछा तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद महिला और कासिफ ने बेटे की तलाश शुरू की। महिला ने सीसीटीवी कैमरे चेक करने की बात कही तो कासिफ गायब हो गया।

इसके बाद महिला ने एक युवक के साथ मिलकर कैमरे चेक किए। जिसमें कासिफ एक सूटकेस सिर पर रखकर ले जाता नजर आया। वहीं, कासिफ ने गाजियाबाद में रह रहे मुस्कान के बड़े बेटे तसलीम को फोन पर जानकारी दी कि उसने उसके छोटे भाई की हत्या कर दी है और शव को सूटकेस में रखकर गंगनहर में दें क दिया।

## तेज रफ्तार का कहर : बेकाबू डंपर ने 6 लोगों को कुचला, 4 की मौत

**छिदवाड़ा ,(एजेंसी)।** रविवार को मध्य प्रदेश के टिंदवाड़ा में एक डंपर ने पैदल चल रहे छह लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य 2 लोग घायल बताए जा रहे हैं जिनका इलाज किया जा रहा है। एक घायल की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।टिंदवाड़ा के चंदनगांव में देर रात तेज रफ्तार से आ रही डंपर ने दो मोटरसाइकिल और एक पैदल यात्री को कुचलते हुए डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना के बाद मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई।एएसपी ने बताया कि, एक्सीडेंट के वक्त एक मोटरसाइकिल पर पर तीन लोग जबकि दूसरी पर दो लोग सवार थे।

## कर्नाटक आप ने बेलगावी सत्र में चर्चा के लिए 24 सूत्री मांग सौंपी

**बेंगलुरु ,(एजेंसी)।** कर्नाटक आम आदमी पार्टी (आप) इकाई के अध्यक्ष पृथ्वी रेड्डी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने 24 मुद्दों को सूचीबद्ध किया और उन्हें बेलगावी में होने वाले विधान परिषद सत्र में चर्चा के लिए अध्यक्ष रघुनाथराव मलकापुरे को सौंपा। मीडिया से बात करते हुए आप के प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी रेड्डी ने कहा, राज्य के सभी 31 जिलों के आप कार्यकर्ताओं ने किसानों, कर्मचारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न वर्गो के लोगों के साथ विचार-विमर्श किया है। उन्होंने कहा, एकत्र की गई जानकारी के आधार पर 24 बिंदुओं की एक सूची तैयार कर विधान परिषद के सभापति को सौंपी गई है।आप की राज्य जनसंपर्क और अभियान समिति के अध्यक्ष सीएम. चंद्रू ने कहा, चूंकि आप के पास राज्य विधानसभा और विधान परिषद में सदस्य नहीं है, इसलिए पार्टी को 19 दिसंबर से होने वाले बेलागवी सत्र में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।उन्होंने कहा, लेकिन चूंकि हम जन-चिंताओं वाली पार्टी हैं, हम सत्र में अप्रत्यक्ष रूप से भाग लिए बिना चुप नहीं रह पाएंगे। इसलिए, हमने उन मुद्दों की एक सूची बनाई है, जिन पर विधान परिषद में चर्चा करने की जरूरत है।आप नेता और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील बृजेश कलप्पा ने कहा, विधानसभा सत्र को सार्थक बनाना है तो वहां आम आदमी की समस्याओं को सुना जाना चाहिए।

## वाराणसी को अगले साल तक मिलेगा हेरिटेज म्यूजियम

**वाराणसी ,(एजेंसी)।** वाराणसी में अगले साल 100 करोड़ रुपये की लागत से एक भव्य विरासत संग्रहालय बनाया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि यह शहर में पहले से मौजूद कई संग्रहालयों के अतिरिक्त होगा। यूपी पर्यटन की उप निदेशक प्रीति श्रीवास्तव ने कहा, विरासत संग्रहालय न केवल लोगों को काशी के इतिहास में झांकने का मौका देगा, बल्कि इसकी समृद्ध परंपरा और संसति को भी प्रदर्शित करेगा।

उन्होंने कहा, अगर सब ठीक रहा तो अगले साल तक विरासत संग्रहालय तैयार हो जाएगा। यह काशी की समृद्ध परंपराओं और संसति को उजागर करेगा और लोगों को इसके इतिहास और गौरवशाली अतीत के बारे में शिक्षित करेगा।

इसको बनाने के लिए पर्यटन विभाग वाराणसी में एक उपयुक्त प्राचीन हवेली की तलाश कर रहा है।अधिकारियों ने कहा, प्रस्तावित संग्रहालय वास्तुकला, विरासत, दस्तावेजों, सभ्यताओं के महत्वपूर्ण तथ्यों, प्राचीन मंदिरों के इतिहास और अन्य को प्रदर्शित करेगा। यह एक अत्याधुनिक संग्रहालय होगा जिसे, आगंतुकों को एक आभासी अनुभव देने के लिए डिजाइन किया जाएगा और इसमें एक अडियो विजुअल सेक्शन भी होगा।

गौरतलब है कि वाराणसी में कई संग्रहालय हैं। इनमें रामनगर फोर्ट संग्रहालय में भारत कला भवन, गंगा नदी के तट पर रामनगर किले के अंदर स्थित एक अन्य संग्रहालय है, जो महाराजाओं के काल की कलातियों को उजागर करता है। हस्तकला संकुल, एक शिल्प संग्रहालय है जो काशी के हस्तशिल्प के इतिहास को प्रदर्शित करता है। आभासी अनुभवात्मक संग्रहालय, मान महल में स्थित एक अन्य संग्रहालय अद्वितीय है, जो डिजिटल पद्धति में चीजों को प्रदर्शित करता है।

## मंत्री दोषी करार, अदालत ने दो मामलों में सुनाई सजा

**पीलीभीत ,(एजेंसी)।** पीलीभीत की एक विशेष एमपीध्एमएलए कोर्ट यूपी के गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार को दो मामलों में तीन महीने की कैद की सजा सुनाई है। उनके खिलाफ एक दशक पहले जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था। दोनों मामले 2012 में विधानसभा चुनाव के दौरान सुनगढ़ी थाने में दर्ज किए गए थे।

अदालत ने दोनों मामलों में से प्रत्येक में मंत्री पर 2 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। बाद में अदालत ने दोनों मामलों में गंगवार को जमानत दे दी।

गंगवार 2012 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेता थे। उनके खिलाफ दो मामलों में से एक 4 जनवरी 2012 को दर्ज किया गया था। इनमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि बसपा और गंगवार के चित्रित नारे माधोटांडा रेलवे क्रासिंग के साथ ही स्थानीय घरों के बाहर पाए गए, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन था।

# प्रचंड का नेपाल में नई सरकार का नेतृत्व करने का दावा



**काठमांडू ,(एजेंसी)।** नेपाल में नई सरकार के गठन के चरण में प्रवेश करते ही सीपीएन (माओवादी सेंटर) के अध्यक्ष पुष्पा कमल दहल उर्फ प्रचंड ने अगली सरकार का नेतृत्व करने का दावा किया है। प्रचंड की पार्टी सीपीएन (माओवादी सेंटर) नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल के बाद तीसरे स्थान पर है। लेकिन नेपाली कांग्रेस और माओवादी सेंटर ने 20 नवंबर के चुनाव को लोकतांत्रिक-वाम गठबंधन के तहत संयुक्त रूप से लड़ा था। ऐसे समय में जब मौजूदा प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा अगली सरकार का नेतृत्व करने का दावा कर रहे हैं, प्रचंड द्वारा किए गए दावे ने नेपाली राजनीति में एक नया मोड़ ला दिया है।

देउबा और प्रचंड के बीच एक बैठक के दौरान, घटनाक्रम से परिचित लोगों के अनुसार, प्रचंड ने अगली सरकार का नेतृत्व करने का दावा किया और देउबा से सहायता मांगी। लेकिन नेपाली कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि उनकी पार्टी नई सरकार का नेतृत्व करेगी। नेपाली कांग्रेस के प्रवक्ता प्रकाश शरण महत ने शनिवार को कहा, चूंकि हम सबसे बड़ी पार्टी हैं, नेपाली कांग्रेस नई सरकार का नेतृत्व करेगी।

सरकार गठन की प्रक्रिया सोमवार से राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी द्वारा राजनीतिक दलों को संयुक्त सरकार बनाने के लिए बुलाए जाने के बाद शुरू होगी, क्योंकि 20 नवंबर को हुए चुनावों में किसी भी पार्टी को बहुमत हासिल नहीं हुआ है। बैठक में, प्रचंड ने कथित तौर पर देउबा से कहा कि वह नई सरकार का नेतृत्व करने और देश को प्रगति और राजनीतिक स्थिरता के पथ पर ले जाने के इच्छुक हैं, और उन्होंने देउबा से पार्टी और गठबंधन के समर्थन के लिए श्अनुरोध किया।

देउबा और प्रचंड के बीच मुलाकात के बाद महत ने कहा, अच्छा होगा अगर नेपाली कांग्रेस नई सरकार का नेतृत्व करती है क्योंकि वह सदन में सबसे बड़ी पार्टी है। प्रचंड भी नई सरकार का नेतृत्व करने का दावा कर रहे हैं जिसे हमने स्वाभाविक माना है। लेकिन नेपाली कांग्रेस का नेतृत्व की ठीक रहेगा।

संख्यात्मक रूप से बोलते हुए, 275 के सदन में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सरकार का नेतृत्व करने की प्रचंड की चाल राजनीतिक और संवैधानिक रूप से अस्थिर है, ऐसा माना जाता है कि माओवादी और यूएमएल सहित वामपंथी झुकाव वाले दलों की सरकार बनाने के लिए एक और कम्युनिस्ट पार्टी, सीपीएन-यूएमएल के बाद उन्होंने इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाया।

2017 में पिछले चुनावों में, यूएमएल और माओवादी सेंटर ने संयुक्त रूप से चुनाव लड़ा और बाद में उन्होंने 2018 में नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी नामक एक नई पार्टी बनाने के लिए अपनी-अपनी पार्टियों को एकजुट किया। लेकिन पार्टी एकजुट नहीं रह सकी और मार्च 2021 में विभाजित हो गई। नेपाली कांग्रेस की 89 की तुलना में माओवादी सेंटर की संसद में केवल 32 सीटें हैं, जबकि यूएमएल के पास 78 सीटें हैं।

कुछ मीडिया रिपोर्टें के अनुसार, देउबा ने प्रचंड से कहा कि वह इस मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से देखेंगे और इस पर गठबंधन के अन्य सहयोगियों से परामर्श करेंगे।

# यूपी के 176 माध्यमिक विद्यालयों की मान्यता हो सकती है रद्द

**प्रयागराज ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने सामूहिक नकल की शिकायतों पर 176 माध्यमिक विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जवाब से संतुष्ट न होने पर इन स्कूलों की मान्यता रद्द भी हो सकती है। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने 176 स्कूलों की सूची जिला विद्यालय निरीक्षकों (डीआईओएस) को भेज दी है, ताकि इन स्कूलों को 2023 की बोर्ड परीक्षाओं का केंद्र न बनाया जाए।

यूपी बोर्ड को बोर्ड और आंतरिक परीक्षाओं के दौरान इन स्कूलों में नकल की शिकायतें मिली थीं। बोर्ड पहले ही 176 में से 20 स्कूलों की मान्यता रद्द कर चुका है। सबसे अधिक 27 स्कूल आजमगढ़ मंडल से हैं, जबकि चार प्रयागराज मंडल में हैं।शुक्ला ने कहा, इन स्कूलों को पिछली परीक्षाओं में विसंगतियों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं हमने सूची को संबंधित डीआईओएस को भी भेज दिया है, ताकि इन स्कूलों को 2023 में कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र न बनाया जाए।

स्कूलों के मामले और जवाब यूपी बोर्ड की मान्यता समिति के समक्ष रखे जाएंगे और मान्यता वापस लेने से पहले इसकी सिफारिशें राज्य सरकार को मंजूरी के लिए भेजी जाएंगी।

अधिकारियों ने बताया कि कई मामलों में संबंधित डीआईओएस और क्षेत्र के संभागीय संयुक्त शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) से भी रिपोर्ट मांगी गई हैक्

कुछ विद्यालय ऐसे हैं जिनके लिए डीआईओएस के साथ-साथ शिक्षा के संयुक्त निदेशक स्तर पर मान्यता वापस लेने की अनुशंसा की गई थी। पिछले साल परीक्षाओं के दौरान सामूहिक नकल में मदद करने वाले स्कूलों के खिलाफ भी मान्यता वापस लेने की सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

प्रयागराज के भी चार स्कूलों की मान्यता वापस ली जा रही है। शंकरगढ़ के सिंधी टोला स्थित न्यू चिल्ड्रेन स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी कर मामला यूपी बोर्ड की मान्यता प्रदान करने वाली समिति को भेजा गया है।

चंद्रसेन स्थित श्री बच्चा सिंह सिंगरौर इंटर कलेज और असरावे कलां स्थित यूडी मेमोरियल इंटर कलेज के मामले में संयुक्त शिक्षा निदेशक से भी रिपोर्ट मांगी गई है।

## अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए चीफ ने की पीएम मोदी की तारीफ

**वशिंगटन ,(एजेंसी)।** अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के डायरेक्टर बिल बर्न्स ने इसे लेकर प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ की है। बर्न्स ने कहा है कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों का रूसियों पर प्रभाव पड़ा और इसने यूक्रेन युद्ध के चलते होने वाली वैश्विक आपदा को रोकने का काम किया। एक इंटरव्यू में बिल बर्न्स ने कहा, मुझे लगता है कि शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को लेकर अपनी चिंताओं को उठाया था। मुझे लगता है कि इसका असर रूस पर भी पड़ा है। बिल बर्न्स ने कहा कि मुझे लगता है कि ये डराने के लिए की जाने वाली है। हमें सामरिक परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की योजना का कोई स्पष्ट साक्ष्य नहीं दिखता है।

## फिल्म पठान के विवाद में विपक्ष ने भाजपा पर साधा निशाना

**लखनऊ,(एजेंसी)।** शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर श्पठान को लेकर विवाद खत्म ही नहीं हो रहा है। उत्तरप्रदेश में विपक्ष के नेताओं ने दक्षिणपंथी संगठनों व भाजपा पर निशाना साधा है।

विवाद फिल्म में दीपिका के कपड़ों के रंग से शुरू हुआ। काग्रेस ने कहा है कि भगवा रंग किसी पार्टी या गुट का पेटेंट नहीं है।

काग्रेंस नेता उदित राज ने कहा है कि कुछ लोग अपने निहित राजनीतिक स्वार्थ के लिए रंगों का इस्तेमाल कर रहे हैं। रंग का कोई धर्म या विचारधारा नहीं होती है।

इसके साथ ही उन्होंने मीडिया के एक वर्ग की सोंच को भी संकीर्ण करार दिया। उन्होंने कहा ना जानें क्यूं ये लोग आम इंसान की समस्याओं को अनदेखा कर ऐसी गलत बातों पर और धर्म के नाम पर समाज को विभाजित करते रहते हैं।

वहीं समाजवादी पार्टी के नेता जफर अमीन डक्कू ने कहा, हम सारे धर्मो और रंगों की बहुत इज्जत करते हैं। लेकिन किसी फिल्म के रिलीज से पहले ऐसे विवाद शुरू होना सही नहीं हैं।सपा के प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने कहा, जनता की मूल समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए दक्षिणपंथी संगठन ऐसे मुद्दों को जानबूझकर लाते हैं।उन्होंने कहा कि अगर किसी फिल्म को सेंसर बोर्ड से अनुमति मिल गई है, तो उस पर सवाल खड़ा करने का कोई औचित्य नहीं है।

00

## तलाक के लिए खौफनाक साजिश, गर्भवती पत्नी को लगाया एचआईवी संक्रमित खून का इंजेक्शन

**अमरावती ,(एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी गर्भवती पत्नी को तलाक देने का बहाना खोजने के लिए एचआईवी संक्रमित खून का इंजेक्शन लगवाया। ताडेपल्ली पुलिस ने एम.चरण को उसकी पत्नी द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद गिरफ्तार किया कि उसने एक झोलाछाप की मदद से उसे एचआईवी संक्रमित खून का इंजेक्शन लगाया था।

पीडिघ्ता ने पुलिस को बताया कि चरण उसे तलाक देने के लिए उचित बहाना ढूंढ रहा था और योजना के अनुसार वह उसे झोलाछाप डक्टर के पास ले गया। उसे बताया गया कि इंजेक्शन गर्भावस्था के दौरान अच्टे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए था।

## यूपी में सरकारी विभागों के लिए निजी वकील नहीं

**लखनऊ ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने विभागों और एजेंसियों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उसकी लखनऊ खंडपीठ में प्रतिनिधित्व करने के लिए निजी वकीलों को नियुक्त करने से रोक दिया है। केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में ही निजी वकीलों की सेवा ली जा सकती है। एक आदेश में विशेष सचिव (न्याय विभाग) इंद्रजीत सिंह ने कहा कि निजी वकीलों की नियुक्ति से न केवल सरकारी खजाने पर भारी वित्तीय बोझ पड़ता है, बल्कि सरकारी वकीलों की छवि भी प्रभावित होती है। सिंह ने कहा कि अब से केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में निजी वकील को नियुक्त किया जाएगा। कुछ दिनों पहले महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर कहा था कि उच्च न्यायालय और विशेष रूप से लखनऊ खंडपीठ में निजी वकीलों को नियुक्त करने की प्रथा हाल के दिनों में बढ़ी है।उन्होंने अपने पत्र में कहा कि यह देखा गया है कि साधारण मामलों में भी विशेष निजी वकीलों को नियुक्त किया जा रहा है, जिन पर उच्च न्यायालय में पहले से नियुक्त राज्य के कानून अधिकारी बहस कर सकते हैं।मिश्रा ने पत्र में कहा, निजी वकीलों की इस तरह की अनावश्यक नियुक्ति से सरकारी खजाने पर बोझ पड़ता है।

# पंजाब, हरियाणा सहित उत्तर भारत में बढ़ेगा सर्दी का सितम- अगले 3 दिन के लिए अलर्ट जारी

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत में मौसम विभाग ने शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने कहा है कि एनसीआर के अलावा, पंजाब, हरियाणा, यूपी, बिहार, झारखंड, राजस्थान में ठंड का प्रकोप बढ़ेगा और तापमान में गिरावट दर्ज होगी। पंजाब में अगले 3 दिन भारी होने वाले हैं, क्योंकि मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले 3 दिन घना कोहरा पडने की संभावना है। पहाड़ी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मौसम साफ बने रहने की संभावना है। ऊपरी इलाकों में बर्फबारी के बाद यहां चलने वाली हवाएं अपने साथ ठंड का प्रकोप उत्तर भारत में ले जाएंगी।



दिल्ली का न्यूनतम तापमान कल 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का सबसे सर्द दिन रहा। वहीं मुंबई में दिन का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रहा, जिससे लोगों को सर्दी में गर्मी के मौसम का अहसास हुआ।

मौसम वैज्ञानिकों ने धुंध एवं कोहरे के बाद आज मुख्य रूप से आसमान साफ रहने का अनुमान जताया। साथ ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशरू 25 डिग्री सेल्सियस और 6 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। अगर देश में बने मौसमी सिस्टम की बात करें तो पश्चिम मध्य और इससे सटे पूर्व मध्य अरब सागर पर बना हुआ डिप्रेशन पिछले 6 घंटों के दौरान 14 किमी प्रति घंटे की गति से पश्चिम की ओर बढ़ा और आज 530 बजे अक्षांश 14.1 उत्तर और देशांतर 622 पूर्व के पास पश्चिम मध्य अरब सागर पर केंद्रित हो गया। यह अमिनीदेवी (लक्षद्वीप) के लगभग 1109 पश्चिम उत्तर पश्चिम में था। दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी और इससे सटे पूर्वी भूमध्यरेखीय हिंद महासागर के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है।

इसके पश्चिमी दिशा में आगे बढने की संभावना है और अगले 48 घंटों के दौरान बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में आगे बढ़ सकता है। अगले 24 घंटों के दौरान, 19 दिसंबर की रात से तमिलनाडु के दक्षिणी हिस्सों में बारिश की गतिविधियां शुरू हो सकती हैं और धीरे-धीरे तेज हो सकती है। शेष देश में मौसम शुष्क रहेगा। उत्तर पूर्व भारत, खासकर बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के हिस्सों में मध्यम कोहरा छाए रहने की उम्मीद है। देश के उत्तरी भागों और मध्य भागों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आएगी। यानी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भी ठंड बढ़ेगी। पिछले 24 घंटों के दौरान, देश का मौसम शुष्क बना हुआ है, हालांकि दक्षिण मध्य प्रदेश और लक्षद्वीप में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई है।

## सम्पादकीय

# नफरत का घिनौना रूप

पिछले कुछ दिनों में हत्याओं के ऐसे मामले सामने आए हैं जिससे पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया। आफताब ने लिविंग रिलेशनशिप में रहने वाली अपनी महिला मित्र को कई टुकड़ों में काटकर जंगलों में दें का तो इस घटना के कुछ दिन बाद ही झारखंड के साहिबगंज जिले में पत्नी की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने दिलदार अंसारी नाम के शख्स को गिरफ्तार कर लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीड़िता की पहचान रुबिका पहाड़ी नाम की 22 वर्षीय आदिवासी महिला के रूप में हुई है। घटना का पता तब लगा जब साहिबगंज के बोरियो संथाली इलाके में आंगनबाड़ी केंद्र के पीटे पीड़िता के शरीर के 12 टुकड़े मिले। इस घटना से 1 दिन पहले ही राजस्थान के जयपुर में एक भतीजे ने अपनी ताई को सिर्फ इसलिए मौत के घाट उतार दिया, क्योंकि वह उसे सत्संग में दिल्ली जाने की अनुमति नहीं दे रही थी। हत्या के बाद आरोपी ने लाश के 10 टुकड़े किए और उसे बैग में भरकर जंगल में दें क दिया, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वाकई यह घटना काफी झकझोर देने वाली है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में भी कुछ वर्ष पूर्व ऐसा ही मामला सामने आया था जिसमें अनुपमा गुलाटी नाम की महिला की उसके पति राजेश गुलाटी ने निर्मम हत्या कर उसके 72 टुकड़े कर जंगलों में दें के थे। समझने वाली बात यह है कि आखिर इस प्रकार की निर्मम हत्या करने के पीटे क्या सनकी पर हो सकता है? एक साथ कई वर्षों तक साथ रहने के बाद किसी से इतनी नफरत कि उसकी हत्या कर शव को टुकड़ों में काट देने जैसा लोमहर्षक कार्य करने से भी हत्यारे पीटे नहीं हटते। यह निश्चित तौर पर मानसिक विति का ही एक अंग है जो इंसान के मन मस्तिष्क को शून्य कर देता है। इन तीनों ही घटनाओं में एक समानता यह है कि मरने वाले तीनों हत्यारों के सबसे करीबी थे। हर व्यक्ति के जीवन में विवाद और तनाव उनके रहन-सहन से जुड़ा हुआ है लेकिन इसके मायने यह कतई नहीं की कोई इतनी निर्मलता से हत्या करने के बाद इस प्रकार शवों के साथ अपनी खुन्नस को निकाले। समाज एक गलत दिशा में जा रहा है और इस प्रकार की घटनाओं से साफ हो रहा है कि वर्तमान भौतिक युग में इंसान अपने दिमाग से नियंत्रण भी खो रहा है। तो क्या इस प्रकार की घटनाओं पर रोकथाम लगाई जा सकती है या फिर आगे भविष्य में भी ऐसी घटनाएं देखने को मिलेगी? निश्चित तौर पर पूरे समाज को काउंसलिंग की जरूरत है जिसमें यह बताना जरूरी है कि आदमी विषम परिस्थितियों में अपना नियंत्रण बनाकर रखें। आध्यात्मिक बातों के साथ ही योग एवं सात्विक जीवन आदमी के मन मस्तिष्क को नियंत्रण में रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वाकई ऐसी घटनाओं के बारे में सुनकर काफी हैरानी होती है तो यह भी सोचने को विवश होना पड़ता है कि कई बरसात बिताने के बाद आखिर नफरत की सीमा कहां तक समाप्त हो सकती है?

# पर्यावरण : असरकारी आवाज उठे

**धरती की जीवनदायिनी क्षमता के संकटग्रस्त होने के अनेक कारण हैं-जलवायु बदलाव व अनेक अन्य गंभीर पर्यावरणीय समस्याएं, परमाणु हथियार व अन्य महाविनाशक हथियार आदि। इस बारे में तो निश्चित जानकारी मिल रही है कि धरती पर जीवन संकट में है, पर इसे दूर करने के लिए समय पर असरदार कदम कैसे उठाए जाएंगे इस बारे में अभी बहुत अनिश्चित स्थिति है। जो प्रयास हो रहे हैं, वे बहुत अपर्याप्त हैं। उससे कहीं अधिक बड़े प्रयास और बड़े बदलाव चाहिए।**
**यह प्रयास अमन-शांति, पर्यावरण और जीवन के सभी रूपों की रक्षा, लोकतंत्र, समता और न्याय की परिधि में होने जरूरी हैं। इस सभी मुद्दों पर विश्व के विभिन्न देशों में विभिन्न जन-आंदोलन और जन-अभियान पहले से चल रहे हैं।**



**भारत डोगरा**

विश्व में डूमस्डे क्लाक अपनी तरह की प्रतीकात्मक घड़ी है जिसकी सुइयों की स्थिति के माध्यम से दर्शाने का प्रयास किया जाता है कि विश्व किसी बड़े संकट की संभावना के कितने नजदीक है।

इस घड़ी का संचालन श्बुलेटिन अफ एटोमिक साइंटिस्ट्स नामक वैज्ञानिक संस्थान द्वारा किया जाता है। इसके परामर्शदाताओं में 15 नोबल पुरस्कार विजेता भी हैं। ये सब मिलकर प्रति वर्ष तय करते हैं कि इस वर्ष घड़ी की सुइयों को कहां रखा जाए। इस घड़ी में रात के 12 बजे को धरती पर बहुत बड़े संकट का पर्याय माना गया है। घडी की सुइयां रात के 12 बजे के जितने नजदीक रखी जाएंगी, उतनी ही किसी बड़े संकट से धरती (और उसके लोग व जीव) के संकट की स्थिति मानी जाएगी। 2020-21 में इन सुइयों को (रात के) 12 बजने में 100 सेकेंड पर रखा गया। संकट के प्रतीक 12 बजे के समय से इन सुइयों की इतनी नजदीकी कभी नहीं रही। दूसरे शब्दों में, यह घड़ी दर्शा रही है कि इस समय धरती किसी बहुत बड़े संकट के सबसे अधिक नजदीक है। इस समय यह चर्चा है कि निकट भविष्य में डूमस्डे से दूरी को और कम किया जाएगा क्योंकि 2022 में पर्यावरण व युद्ध के खतरे बढ़ गए हैं। श्डूमस्डे घड़ी के वार्षिक प्रतिवेदन में इस स्थिति के तीन कारण बताए गए हैं।

पहली वजह यह है कि जलवायु बदलाव के लिए जिम्मेदार जिन ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में 2013-17 के दौरान ठहराव आ गया था उनमें 2018 में फिर वृद्धि दर्ज की गई। जलवायु बदलाव नियंत्रित करने की संभावनाएं समग्र रूप से धूमिल हुई हैं। दूसरी वजह यह है कि परमाणु हथियार नियंत्रित करने के समझौते कमजोर हुए हैं। आईएनएफ समझौते का नवीनीकरण नहीं हो सका। तीसरी वजह यह है कि सूचना तकनीक का बहुत दुरुपयोग हो रहा है जिसका सुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इन तीन कारणों के मिले जुले असर से आज विश्व बहुत बड़े संकट की संभावना के अत्यधिक नजदीक आ गया है, और इस संकट को कम करने के लिए जरूरी कदम तुरंत उठाना जरूरी है।

क्या डूमस्डे घड़ी के इस अति महवपूर्ण संदेश को विश्व नेतृत्व समय रहते समझेगा? हाल के वर्षों में यह निरंतर स्पष्ट होता रहा है कि अब तो धरती की जीवनदायिनी क्षमता ही खतरे में है। जिन कारणों से हजारों वर्षों तक धरती पर बहुत विविधतापूर्ण जीवन पनप सका, वे आधार ही बुरी तरह संकटग्रस्त हो चुके हैं। धरती की जीवनदायिनी क्षमता के संकटग्रस्त होने के अनेक कारण हैं-जलवायु बदलाव व अनेक अन्य गंभीर पर्यावरणीय समस्याएं, परमाणु हथियार व अन्य महाविनाशक हथियार आदि। इस बारे में तो निश्चित जानकारी मिल रही है कि धरती पर जीवन संकट में है, पर इसे दूर करने के लिए समय पर असरदार कदम कैसे उठाए जाएंगे इस बारे में अभी बहुत अनिश्चित स्थिति है। जो प्रयास हो रहे हैं, वे बहुत अपर्याप्त हैं। उससे कहीं अधिक बड़े प्रयास और बड़े बदलाव चाहिए।

यह प्रयास अमन-शांति, पर्यावरण और जीवन के सभी रूपों की रक्षा, लोकतंत्र, समता और न्याय की परिधि में होने जरूरी हैं। इस सभी मुद्दों पर विश्व के विभिन्न देशों में विभिन्न जन-आंदोलन और जन-अभियान पहले से चल रहे हैं। इनके विभिन्न आयाम हैं। उदाहरण के लिए यदि केवल अमन-शांति के आंदोलनों और हिंसा-विरोधी आंदोलनों और अभियानों की बात करें तो किसी भी देश में इनके विभिन्न आयाम हो सकते हैं। बारुदी सुरंगों या अन्य विशिष्ट छोटे हथियारों के विरुद्ध एक अभियान हो सकता है, तो परमाणु हथियारों जैसे महाविनाशक हथियारों के विरुद्ध एक अलग अभियान। पड़ोसी देशों से संबंध सुधारने के कई अभियान हो सकते हैं। महिला हिंसा, बाल-हिंसा और घरेलू हिंसा के विरुद्ध कई आंदोलन हो सकते हैं।

शिक्षा संस्थानों व कार्यस्थलों पर होने वाली हिंसा के विरुद्ध अभियान हो सकते हैं। एक बड़ी चुनौती यह है कि अमन-शांति के इन सभी जन-अभियानों और आंदोलनों में आपसी एकता बना कर उन्हें बड़ी ताकत बनाया जाए जिसका असर अधिक व्यापक व मजबूत हो। ये सभी शाखाएं एक-दूसरे की पूरक हों, इनकी अमन-शांति के मुद्दों पर व्यापक व समग्र सोच हो, वे अहिंसा की सोच में गहराई तक पहुंच सकें।

जब अमन-शांति की ये सभी धाराएं परमाणु हथियारों को समाप्त करने के बारे में आम सहमति बनाएं तो इस मांग को बहुत बल मिलेगा। दूसरे शब्दों में, अपनी विशिष्ट मांगों के साथ यह सभी अभियान उन मांगों को भी अपनाएं जो धरती पर जीवन को बुरी तरह संकटग्रस्त कर रही समस्याओं के समाधान से जुड़ी हैं। इस तरह किसी भी देश में बहुत व्यापक स्तर पर धरती की रक्षा की मांग उठ सकती है। फिर सभी देशों से मांग उठेगी तो अपने आप विश्व स्तर पर यह मांग बहुत असरदार रूप से उठ पाएगी। विभिन्न देशों के अमन-शांति के आंदोलनों में आपसी समन्वय हो, एकता हो तो साथ-साथ जोर लगाकर परमाणु हथियारों को समाप्त करने की मांग को वे और भी असरदार ढंग से उठा सकेंगे। यही स्थिति पर्यावरण की रक्षा के आंदोलन की भी है। किसी भी देश में इस आंदोलन के कई अध्याय हो सकते हैं जैसे नदियों के प्रदूषण को कम करना, वायु प्रदूषण को कम करना, प्लास्टिक के प्रदूषण को कम करना आदि। यदि इन विभिन्न अभियानों और आंदोलनों का आपसी समन्वय हो तो इनकी आवाज मजबूत बनेगी। इस ओर भी विशेष ध्यान देना होगा कि जो मुद्दे धरती के जीवन को बुरी तरह संकटग्रस्त करने वाले हैं (जैसे जलवायु बदलाव का मुद्दा) उन मुद्दों को पर्यावरण रक्षा के आंदोलन अपने विशिष्ट मुद्दों के साथ-साथ जोर देकर उठाएं।

इस तरह एक ओर पर्यावरण रक्षा के सभी पक्ष एक-दूसरे की सहायता से मजबूत होंगे तथा दूसरी ओर जलवायु बदलाव जैसे धरती को संकटग्रस्त करने वाले मुद्दों को कहीं अधिक व्यापक समर्थन मिलेगा। यदि लगभग सभी देशों में ऐसे प्रयास एक साथ हों तो जलवायु बदलाव जैसे संकट के संतोषजनक समाधान की मांग विश्व स्तर पर बहुत असरदार ढंग से उभर सकेगी। तिस पर यदि इन सभी देशों के पर्यावरण आंदोलनों में साझी कार्यवाही के लिए जरूरी सहयोग हो जाए तो वे एक साथ असरदार ढंग से विश्व स्तर पर आवाज बुलंद कर सकेंगे।

# धरातल पर उतरे आंकड़े



इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही के आर्थिक आंकड़े जब जारी हुए और उसमें भारत की वृद्धि दर साढ़े 13 प्रतिशत दिखाई गई, तब भी अनेक जानकारों ने आगाह किया था कि इस पर जश्न मनाने की जरूरत नहीं है। ये आंकड़े पिछले वर्ष यानी 2021 के उन तीन महीनों की तुलना में थे, जब देश ने कोरोना महामारी की भीषण दूसरी लहर झेली थी। अब दूसरी तिमाही के आंकड़े सामने आए हैं, तो कठोर हकीकत सामने है। इस वर्ष जुलाई से सितंबर तक मैनुफैक्चरिंग और खनन में बड़ी गिरावट दर्ज हुई। षि क्षेत्र में तकरीबन साढ़े चार प्रतिशत की वृद्धि दिखाई गई है, लेकिन पर कुछ विशेषज्ञों ने तुरंत सवाल उठाए हैं। वजह यह है कि खुद भारत सरकार इस वर्ष कई प्रमुख फसलों का उत्पादन गिरने का अंदाजा जता चुकी है। महंगे चारे और लंपी महामारी के दुष्प्रभाव से पशुपालन क्षेत्र भी मुश्किल में बताया जाता है। लागत की महंगाई ने डेयरी क्षेत्र को परेशान कर रखा है। ऐसे में इतनी स्वस्थ वृद्धि दर कैसे हासिल हुई, इस पर कयास लगाए जा रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी ने अगले साल के विधानसभा और उसके अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारी गंभीरता के साथ शुरू कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रभारियों के साथ बैठक के बाद राज्यवार बैठकें भी शुरू हो गई हैं। राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ पार्टी के बड़े नेताओं की बैठक पांच और छह दिसंबर को हुई थी। पांच दिसंबर को गुजरात में दूसरे चरण के मतदान के दिन सुबह में वोट डाल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दोनों दिल्ली आ गए थे और पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में शामिल हुए थे। उसमें प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी के नेताओं से कहा था कि वे जी-20 की अध्यक्षता भारत को मिलने का मुद्दा जनता के बीच ले जाएं और उन्हें गर्व का अहसास कराएं।

अब पार्टी ने राज्यवार बैठकें शुरू कर दी है। पहली बैठक उत्तर प्रदेश की हुई है। उत्तर प्रदेश के दोनों बड़े नेताओं- राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ की बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई। बताया जा रहा है कि इसमें पार्टी के संगठन में होने वाले बदलाव और अगले चुनावों के बारे में चर्चा की गई। हालांकि पार्टी के राष्ट्रीय संगठन और राज्यों में होने वाले बदलाव पर विचार के लिए बैठक में योगी आदित्यनाथ को बुलाने का मतलब नहीं बनता है। उत्तर प्रदेश में संगठन का बदलाव नहीं होना है। वहां हाल ही में भूपेंद्र चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है और नए संगठन महामंत्री गए हैं। अगर दूसरे राज्यों के संगठन में होने वाले बदलाव पर विचार के लिए योगी को बुलाया गया तो यह कई लिहाज से बड़ी बात होगी।बहरहाल, पार्टी की ओर से आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है लेकिन ऐसा लग रहा है कि उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों को लेकर यह बैठक हुई है। इसमें और भी मुद्दे उठे होंगे लेकिन बुनियादी रूप से राज्य में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई होगी। ध्यान रहे पिछली बार समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी मिल कर चुनाव लड़े थे तब भाजपा की सीटें घट गई हैं। 2014 की 73 सीटें के मुकाबले भाजपा और उसकी सहयोगी अपना दल को 64 सीटें मिलीं यानी नौ सीटों का नुकसान हुआ।इस बार भाजपा की योजना सीटें बढ़ाने की है। कशी करिडोर और अयोध्या में राममंदिर निर्माण के बाद भाजपा उम्मीद कर रही है कि वह फिर से 73 या उससे भी ज्यादा पहुंच सकती है।

# सीमा को ले कर देश को भरोसे में लें



अरुणाचल प्रदेश पर चीन की नजर है। रक्षा विशेषज्ञों ने कहा है कि अभी जो हुआ है, वह ग्रे-जोन अपरेशन है। लेकिन आगे बात और बिगड़ सकती है। चीन का अधिक आक्रामक रुख देखने को मिल सकता है।

खबरों के मुताबिक अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प नौ दिसंबर को हुई। 12 दिसंबर को उसकी खबर सूत्रों के हवाले से आई। क्या यह हैरतअंगेज नहीं है कि तीन दिन तक दोनों देशों की सरकारें ऐसी भड़काऊ घटना को लेकर चुप्पी साधे रहीं? हैरतअंगेज हाल यह भी है कि भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ-साथ कूटनीतिक मोर्चे भी तनाव जारी होने के बावजूद कारोबार के क्षेत्र में संबंध लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। ऐसे में एक आम भारतीय के लिए यह समझना कठिन हो गया है कि दोनों देशों के बीच रिश्तों की वास्तविक स्थिति क्या है। जून 2020 में गलवान में दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प होने के बाद भारत सरकार की तरफ से आए कुछ बयानों ने भ्रम और बढ़ा दिया था। मसलन, प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारतीय क्षेत्र में कोई घुसपैठ नहीं हुई है। उधर केंद्रीय मंत्री और पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल वीके सिंह ने तो यहां तक कह दिया था कि चीन के फौजियों ने जितनी बार घुसपैठ की है, उससे कई गुना ज्यादा बार भारतीय सैनिकों ने ऐसा किया है।

इस बीच देश के अंदर राष्ट्रवादी भावनाओं का उफान जरूर आया, लेकिन जहां चीन को सचमुच जवाब देने की जरूरत थी, वहां कुछ हुआ- ऐसी जानकारी सार्वजनिक रूप से मौजूद नहीं है। अब जबकि अरुणाचल प्रदेश से लगी चीन की सीमा पर भी हालात बिगडने के संकेत हैं, तो यह उचित अपेक्षा है कि भारत सरकार इस बारे में देश को भरोसे में ले।

इसकी शुरुआत सर्वदलीय बैठक से की जा सकती है, लेकिन जरूरी यह भी है कि आम जन को भी वास्तविक स्थिति के बारे में मालूम हो। ऐसी चर्चाएं रही हैं कि अरुणाचल प्रदेश पर चीन की नजर है। रक्षा विशेषज्ञों ने कहा है कि अभी जो हुआ है, वह ग्रे-जोन अपरेशन है। लेकिन आगे जा कर बात और बिगड़ सकती है और चीन का अधिक आक्रामक रुख देखने को मिल सकता है। इसलिए ऐसी तमाम अवांछित स्थितियों के लिए देश को तैयार रहना होगा। सरकार इसकी शुरुआत लोगों को असल हालत से जागरूक करते हुए कर सकती है।

# आइकनिक साड़ी

**प्रो.रूबी कश्यप सूद**

साड़ी, सिलाई रहित और लपेटकर पहना जाने वाला एक विशिष्ट परिधान है, जो हर भारतीय महिला की अलमारी में निश्चित तौर पर विशेष स्थान रखता है। यह प्राचीन काल से ही धारण किए जाने वाला एक ऐसा पुरातन परिधान है, जो खुद को आधुनिक भारत में महिलाओं की प्राथमिकताओं और जीवन शैलियों में आ रहे बदलावों के अनुकूल कुशलता से ढालकर अपना चलन बरकरार रखे हुए है। साड़ी किसी महिला के जीवन के विभिन्न चरणों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उसे पहनने वाली महिला की उसके साथ अलग-अलग तरह की भावनाएं जुड़ी होती हैं। शहरी भारत में, साड़ी किशोरावस्था से वयस्कता की दहलीज पर कदम रखने का प्रतीक है, जब एक वयस्क युवती अपने स्कूल के विदाई समारोह में साड़ी पहनने को तत्पर होती है। साड़ी किसी दुल्हन के साजो-सामान का महत्वपूर्ण भाग होती है, और संतान के जन्म के अवसर पर भी उपहार में दी जाती है। हाथ से बनी शानदार साडियों को उनसे जुड़ी यादों और भावनात्मक लगाव के कारण विरासत के रूप में सहेज कर रखा जाता है, जो दादी-नानी से लेकर मां और बेटियों तक जाती हैं। गरिमापूर्ण अंदाज से बांधी गई साड़ी को पूरे भारत में आतिथ्य, विमानन, स्वास्थ्य सेवा और अन्य उद्योगों में कार्यरत महिलाओं के विशिष्ट यूनिफर्म के रूप में भी पहचाना जाता है, जो विनम्रता, कुशलता और सुरुचि का संदेश देती है। भारतीय संस्ति, परंपराओं और मूल्यों की प्रतीक साड़ी राजनीति के क्षेत्र से जुड़ी नेत्रियों की भी पसंदीदा पोशाक है। बहुउपयोगी साड़ी विभिन्न अवतारोंरू शक्ति और श्रेष्ठता,



आकर्षक और मनोहर, सुरुचिपूर्ण एवं विनम्र, और विरासत व संस्ति का मूर्त रूप है।

श्साड़ी शब्द की उत्पत्ति दक्षिण-पश्चिमी द्रविड़ शब्द श्सायरश से हुई है। साड़ी के अन्य स्वदेशी नामों में केरल में पुडवा, तमिलनाडु में सेलाई, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में लुगडा, उत्तर प्रदेश में लुगड़ी, उड़ीसा में सारही आदि शामिल हैं। साड़ी एक आयताकार लंबाई वाला कपड़ा होता है, जिसकी लंबाई 4 से 9 गज तक और चौड़ाई लगभग एक गज होती है। अपनी सिलाई रहित गुणवत्ता के कारण साड़ी हिंदू संस्ति द्वारा निर्धारित शुद्धता के सिद्धांतों के अनुरूप है।

अनेक प्रकार के कपड़ों और टेक्स्चर में फ्लूइड साड़ी उपलब्ध है और इसे भारत के विभिन्न राज्यों से उपजी विभिन्न शैलियों में लपेटा (ड्रेप) जाता है। भारत की साडियों को क्षेत्र विशेष की विशिष्ट निर्माण तकनीक के अनुसार वर्गीत किया जा सकता है। पारंपरिक साडियां विविध प्रकार की होती हैं, जिनमें हाथ से बुनी हुई, कशीदाकारी, रेसिस्ट-डाई या प्रिंटेड शामिल हैं। उत्ष्ट हथकरघा साडियों में उत्तर प्रदेश की बनारस ब्रोकेड, पश्चिम बंगाल की जामदानी, तमिलनाडु की कांजीवरम, महाराष्ट्र की पैठाणी, गुजरात की अश्वली, मध्य प्रदेश की चंदेरी और माहेश्वरी आदि शामिल हैं। कशीदाकारी वाली साडियों में उत्तर प्रदेश की चिकनकारी, पश्चिम बंगाल की कांथा और कर्नाटक की इलकल कसुती साड़ी शामिल हैं। परिष्त रेजिस्ट-डाइड साडियों में गुजरात से पटोला जैसे यार्न रेसिस्ट-डाई से लेकर ओडिशा से बंधा, आंध्र प्रदेश से पोचमपल्ली से लेकर राजस्थान और गुजरात से बंधनी जैसी फैब्रिक रेजिस्ट-डाइड की आकर्षक साडियां हैं। इस लपेटे या ड्रेप किए जाने वाले परिधान में आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान जैसे क्षेत्रों की विभिन्न प्रकार की ब्लक प्रिंटेड साडियां की व्यापक रेंज शामिल हैं।

इस बात पर गौर करना दिलचस्प होगा कि पूरे भारत में क्षेत्रीय, जातीय और जनजातीय समुदायों से विभिन्न साड़ी शैलियों और उसे लपेटने या ड्रेप करने की विधियों की उत्पत्ति हुई है।

आयताकार साड़ी को तीन भागों में विभाजित किया गया है, फील्ड, लंबाई के मुताबिक बर्डर और अंतिम सिरा, इसे विभिन्न तरीकों से लपेटे जाने पर यह टू-डायमेंशनल कपड़े को शानदार ढंग से एक व्यवस्थित परिधान में बदल देता है। एक प्रसिद्ध फ्रांसीसी मानवविज्ञानी, शन्तेल बुलन्जे ने भारत में प्रचलित 100 से अधिक विभिन्न साड़ी लपेटने (ड्रैपिंग) की शैलियों को सूचीबद्ध किया है। ड्रैपिंग की कुछ लोकप्रिय शैलियों में निवी, जिसमें चुन्नट या प्लीट्स को सामने की तरफ टक किया जाता है और अंतिम सिरे या एंड-पीस को प्लीटेड कर बाएं कंधे पर लपेटकर पीटे की ओर लटकाया जाता हैय महाराष्ट्र की काच्छा शैली, जिसमें पीटे की चुन्नट के साथ फो-र्क्ड ट्राउजर जैसा प्रभाव उत्पन्न होता हैय उत्तरी शैली जिसमें अंतिम सिरे या एंड-पीस को पीटे से आगे की ओर छाती को ढंकते हुए लपेटा जाता हैय और द्रविड़ शैली, जिसमें कमर के चारों ओर चुन्नट को झालर की तरह लपेटा जाता हैय शामिल हैं। वस्त्र इतिहासकार रता कपूर चिश्ती ने युवा पीढ़ी को साड़ी पहनने के प्रति आकर्षित करने के लिए साड़ी को 108 तरीकों से लपेटने की कला में महारत हासिल की है, जिससे यह गाउन, स्कर्ट या पलाजो की तरह दिखाई देती है।

पारंपरिक परिधान से फैशनेबल पोशाक तक की साड़ी की यात्रा भारतीय वस्त्रकारों द्वारा निर्मित अनेक साडियों के साथ देखी जा सकती है, जिन्होंने कपड़े, मूल्य-वर्धन, ड्रेपिंग की शैली और ब्लाउज के साथ प्रयोग किए हैं।

कपड़े के आयताकार टुकड़े के साथ प्रयोग करने की काफी संभावनाएं हैं और इसमें हुए प्रभावशाली बदलावों ने युवतियों में इनके प्रति रुचि पैदा की है और वह साड़ी में सहज महसूस कर रही हैं और अपनी खुद की स्टाइल स्टेटमेंट बना रही हैं। परंपरा और आधुनिकता का मिश्रण-साड़ी हमेशा शाश्वत रहेगी और दुनिया के लिए एक प्रतिष्ठित भारतीय पोशाक बनी रहेगी।

'लेखिका वस्त्र डिजाइन, राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली हैं

# रेजिस्टेंस ट्रेनिंग: जानिए इस वर्कआउट के फायदे और अन्य महत्वपूर्ण बातें

रेजिस्टेंस ट्रेनिंग सबसे लोकप्रिय वर्कआउट में से एक है। इसके लिए आप डंबल्स और रजिस्टेंस बैंड का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह वर्कआउट मांसपेशियों को मजबूती देने और सहनशक्ति में सुधार करने में काफी मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, यह मेटाबलिज्म को तेज करके कैलोरी को बर्न करने में मदद करता है। इस वजह से इसे अपने फिटनेस रूटीन का हिस्सा बनाना लाभदायक हो सकता है। आइए इस वर्कआउट से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण बातें जानते हैं।

आसान है रजिस्टेंस ट्रेनिंग वर्कआउट

रजिस्टेंस ट्रेनिंग काफी हद तक इस सिद्धांत पर आधारित होती है कि रजिस्टेंस या बल पर काबू पाने के लिए शरीर की मांसपेशियां एक साथ काम करें। जब इसे नियमित अंतराल पर किया जाता है तो मांसपेशियां को मजबूती मिलने लगती है। इसके लिए आप वेट मशीन, मेडिसिन बल्स, रजिस्टेंस बैंड या फ्री वेट डंबल आदि उपकरणों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**रजिस्टेंस ट्रेनिंग से मिलने वाले लाभ**

रजिस्टेंस ट्रेनिंग का रोजाना अभ्यास करने से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। यह वर्कआउट वजन घटाने, मेटाबलिज्म के स्तर को सुधारने और ब्लड प्रेशर को संतुलित रखने में काफी मदद कर सकता है। इसके अलावा, यह शारीरिक संतुलन को ठीक करने समेत हड्डियों का घनत्व भी बढ़ाता है और यहां तक कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी उपयोगी है।

**रजिस्टेंस बैंड चुनते समय बरतें सावधानी**

अगर आप इस वर्कआउट के लिए रजिस्टेंस बैंड को चुनते हैं तो इसके लिए अधिक टाइट रेजिस्टेंस बैंड का इस्तेमाल करने से बचें। इससे एक्सरसाइज करने में काफी परेशानी हो सकती है। दरअसल, ऐसे बैंड के इस्तेमाल से शरीर पर अधिक दबाव पड़ता है और इस कारण कई तरह की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। एक्सरसाइज के लिए थोड़े ढीले रेजिस्टेंस बैंड बेहतरीन होते हैं।

**एक शेड्यूल बनाएं**

वर्कआउट को फिटनेस रूटीन में शामिल करने के लिए एक शेड्यूल बनाएं। अगर आप शुरुआती दौर में हैं तो हफ्ते में दो दिन इस वर्कआउट का अभ्यास करना सुनिश्चित करें, जबकि नियमित वर्कआउट करने वाले लोग हफ्ते में चार-पांच दिन कर सकते हैं। इस वर्कआउट में स्क्वैट्स, पुश-अप्स और प्लैंक जैसी एक्सरसाइज की जाती हैं। इसके अतिरिक्त, इस वर्कआउट के दौरान अपनी क्षमतानुसार वजन उठाएं और हमेशा हाइड्रेट रहें।

# क्रिसमस के दौरान घर पर बनाकर खाए जा सकते हैं ये केक, आसान है इनकी रेसिपी

क्रिसमस आने वाला है और ज्यादातर लोग इस दिन को केक काटकर उत्सव के रूप में मनाते हैं। हालांकि, अगर आप हमेशा बाहर से केक मंगवाते हैं तो इस बार क्यों न इसे घर पर बनाने की कोशिश की जाए? यकीन मानिए यह काम इतना भी मुश्किल नहीं है। आइए आज पांच तरह के क्रिसमस केक की रेसिपी जानते हैं। ये स्वादिष्ट होने के साथ बनाने में भी बहुत ही आसान होगें। सबसे पहले एक कटोरे में आटा, गुड़, बेकिंग पाउडर, दालचीनी पाउडर और सोडा बाइकार्बोनेट मिलाएं। अब एक दूसरे कटोरे में योगर्ट और मक्खन मिलाकर ब्लेंड करें। फिर गीली और सूखी सामग्रियों को आपस में मिलाएं। इसके बाद मिश्रण को एक घंटे के लिए बेक करके गरमगरम परोसें। इस केक के स्वाद का मजा शाम को चाय के साथ या रात के खाने के बाद मिठाई के रूप में भी लिया जा सकता है। सबसे पहले मिल्क पाउडर और थोड़ा ठंडा दूध मिलाकर एक तरफ रख दें। अब एक कढ़ाई में दूध, घी, चीनी, एक चुटकी फिटकरी या फिटकरी और दूध पाउडर का मिश्रण डालकर अच्छी तरह मिलाएं। लगभग 25 मिनट तक लगातार चलाते हुए इस मिश्रण को गाढ़ा होने तक पकाएं। इसके बाद इसे एक प्लेट में डालकर इस पर चांदी का वर्क लगाएं और ठंडा होने पर टुकड़ों में काटकर परोसें। सबसे पहले दूध को उबालकर इसमें चायपत्ती, दालचीनी, कद्दूकस की हुई अदरक और लौंग मिलाएं। जब चाय बन जाए तो इसे छानकर अलग रख लें। अब एक कटोरे में मैदा, बेकिंग पाउडर, नमक, बेकिंग सोडा समेत इलायची पाउडर मिलाएं। एक दूसरे कटोरे में योगर्ट, मक्खन और चीनी मिलाकर दें टे। फिर इसमें मैदे वाला मिश्रण और चाय डालकर अच्टे से मिलाएं। इसके बाद मिश्रण को 30-35 मिनट तक बेक करके परोसें।

# शांतिपूर्वक संपन्न हुई पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा



उत्तरकाशी। उत्तरकाशी जिले में पुलिस सिपाही भर्ती कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांति पूर्वक संपन्न हुई। जिले में भर्ती परीक्षा को संपंन कराने के लिए गंगा व यमुना घाटी में कुल 29 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे, जिन केंद्रों पर 6,443 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि नकलविहीन व पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए सभी परीक्षा कंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। इसके साथ ही केंद्रों पर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामात किए गए। कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत अभ्यर्थियों की ओर से नहीं आई है। दूसरी ओर परीक्षा केंद्र से बाहर आते ही अभ्यर्थियों का उत्साह देखने लायक था। पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी शशि, शुभम, ज्योति राणा आदि ने बताया कि तैयारी करने वालों के लिए पेपर अच्छा रहा।

# ऑल इंडिया कराटे प्रतियोगिता के पदक विजेताओं को सम्मानित किया

ऋषिकेश। नोएडा गाजियाबाद में आयोजित 6वीं रॉयल चेलेंज कप ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में 16 खिलाड़ियों ने पदक जीते हैं। रविवार को प्रतियोगिता से पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। रविवार को अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा ने व्यापार सभा भवन में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कमांडर वर्तिका जोशी, अंकुर पब्लिक स्कूल के चेयरमैन वैभव सकलानी, अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नीरजा गोयल, पूर्व प्रधानाचार्य डीबीपीएस रावत, व्यापार मंडल अध्यक्ष ललित मोहन मिश्र, भाजपा जिला महामंत्री दीपक धमीजा ने ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों को सम्मानित किया। वर्तिका जोशी ने कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ खेल का भी हमारे जीवन में बड़ा महत्व है।महासभा अध्यक्ष राजे सिंह नेगी ने बताया कि बीते रोज नोएडा गाजियाबाद में आयोजित रॉयल चेलेंज कप ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में ऋषिकेश से 16 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें ऋषिकेश के खिलाड़ियों ने पांच स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदक जीते हैं।अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी राजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि आरवी कंसवाल, नमामि थपलियाल, जिया बिष्ट, कृष्णा चंद रमोला, कीर्तन भंडारी ने स्वर्ण, सिमरन पांडे, अविरल थपलियाल, कृष्णा शर्मा, अक्षत रमोला, ऋषभ रतूड़ी, रोहित जोशी ने रजत, प्रभाष, केशव सिंह, वर्णन कुरियाल, अविरल थपलियाल, श्रेयांश जोशी ने कांस्य पदक जीता है।

# राजस्थान के युवक ने कराया जालसाजी का केस दर्ज

उत्तरकाशी। जिला प्रशासन के सहयोग से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी व चारधाम हॉस्पिटल देहरादून की ओर से जिला अस्पताल उत्तरकाशी में वृहद निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीज दूर–दराज क्षेत्रों से भारी संख्या में स्वास्थ्य जांच को पहुंचे। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 400 से अधिक रोगियों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां वितरित कीं। रविवार को जिला अस्पताल में आयोजित वृहद स्वास्थ्य शिविर में सुबह से ही मरीजों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। इस दौरान कैंसर रोग, हृदय रोग, स्त्री रोग, हड्डी रोग, बाल रोग से जुड़े विशेषज्ञ डॉक्टरों ने रोगियों को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में पहुंचे कैंसर सर्जन डॉ नवनीत जैन, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ केबी जोशी, गेस्ट्रोलॉजिस्ट एवं एंडोस्कोपी डॉ पंकज दीक्षित, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंजली नौटियाल, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ तृप्ति बहुगुणा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव द्विवेदी, आयुर्वेद डॉ जेएन नौटियाल आदि विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 400 से अधिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरी दवाईयां वितरित कीं। चारधाम हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ केपी जोशी ने बताया कि शिविर का आयोजन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष मार्गनिर्देशन में संपन्न हुआ है। इस मौके पर विधायक सुरेश चौहान, सीएमओ विनोद कुकरेती, सीएमएस रावत, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के वाइस चेयरमैन अशोक सेमवाल, चेयरमैन माधव प्रसाद जोशी, सचिव जुगल किशोर, आकाश, मनीष नौटियाल, सुधीर, आदेश, नवीन, शैलेंद्र, रजनी, सुरेंद्र दत्त उनियाल आदि ने सहयोग किया।

### देसी शराब की पेटी के साथ युवक गिरफ्तार, वाहन सीज

ऋषिकेश। रायवाला पुलिस ने शराब तस्करी में एक युवक को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। \आरोपी से पुलिस ने देसी शराब की एक पेटी बरामद की है। तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को सीज कर दिया है। थानाध्यक्ष कुलदीप पंत के अनुसार वैदिकनगर के पास एक संदिग्ध स्कूटी सवार को रोका गया। स्कूटी पर वह एक पेटी शराब लेकर ऋषिकेश की ओर जा रहा था।

# पुलिस कार्मिक वैलफेयर से जुड़े विषयों को लेकर एसपी ने ली बैठक

रुद्रप्रयाग। पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने पुलिस कार्यालय से संबंधित अनेक बिन्दुओं के साथ ही पुलिस कार्मिकों के वेलफेयर से जुड़े विषयों पर बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने कार्यों की समीक्षा भी की। जबकि पुलिस कार्यालय रुद्रप्रयाग परिसर का भ्रमण कर भविष्य में होने वाले वृहद निर्माण कार्यों का जायजा भी लिया। पुलिस कार्यालय में बैठक लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग के कार्मिक, बजट, कल्याण, भवन निर्माण, आधुनीकीकरण, अग्निशमन, साइबर, संचार, आपदा एवं यातायात से जुड़े विषयों की समीक्षा की। उन्होंने कार्मिक को लेकर जानकारी लेते हुए पुलिस विभाग में वर्तमान समय में उपलब्ध स्टाफ को लेकर चर्चा की और प्रधान लिपिक को निर्देशित किया। जनपद के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की जरूरत को लेकर भी विवरण मांगा। इस वर्ष के लिए आवंटित बजट की संवर्गवार समीक्षा की जबकि व्यय किए जाने वाले मदों में समय से व्यय करने व इसकी उपयोगिता पर चर्चा की। एसपी ने इस मौके पर वृहद निर्माण को देखते हुए निकट भविष्य में स्टेप बाई स्टेप पुलिस कार्यालय रुद्रप्रयाग के मल्टीरपज एवं मल्टीस्टोरी भवन तथा आवासीय भवनों के निर्माण पर भी चर्चा की। हालांकि पुलिस विभाग के पास अपनी अच्छी खासी भूमि है, इसके दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर का भी जायजा लिया गया। उन्होंने साइबर अपराधों की रोकथाम, जनजागरुकता कार्यक्रम, ठगी के शिकार हुए लोगों की तत्काल मदद करने, अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करने सहित कई जरूरी निर्देश दिए। अग्निशमन से जुड़ी नई तकनीकों का प्रयोग करने एवं इसके लिए मुख्यालय स्तर पर प्रशिक्षण करने पर भी जोर दिया। उन्होंने पुलिस संचार तंत्र को मजबूत बनाने के लिए संचार उपकरणों का अधिक से अधिक उपयोग, सीसीटीवी से जनता की सुरक्षा आदि पर चर्चा की। उन्होंने आपदा से निपटने के लिए एसडीआरएफ स्तर से प्रशिक्षण आयोजित कराने, आगामी चारधाम यात्रा से पूर्व ही यातायात संबंधी कार्ययोजना बनाने के साथ ही पार्किंग स्थलों के चिन्हीकरण के निर्देश दिए। आम जन सुरक्षा के लिए चेकिंग अभियान पर जोर देने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध घिल्डियाल, सीओ गुप्तकाशी विमल रावत, प्रतिसार निरीक्षक गणेश लाल, यातायात निरीक्षक श्याम लाल, निरीक्षक स्थानीय अभिसूचना इकाई मनोज बिष्ट, उप निरीक्षक पुलिस दूरसंचार योगेश सामन्त, अग्निशमन अधिकारी देवेन्द्र सिंह चौहान, प्रधान लिपिक अजय कुमार, आंकिक पुलिस कार्यालय प्रदीप कुकरेती, आशुलिपिक मीडिया सैल नरेन्द्र सिंह मौजूद थे।

### किरात राई संस्था ने धूमधाम से मनाया उधौली चाड़

देहरादून। किरात राई संस्था ने उधौली चाड़ (उत्सव) धूमधाम से मनाया। सत्य नारायण मंदिर मोहब्बेवाला के प्रागंण में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर(सेनि.) एसएन राई ने उधौली की हार्दिक बधाई देते हुए किरात राई संस्था के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि लुप्त परम्परा, रिवाज, भाषा पहनावा, उत्सव को बचाने में गोरखा समुदाय में किरात राई संस्था की अहम भूमिका रही है। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद सुशील कुमार राई ने सभी को उधौली की बधाई दी। इससे पहले सांस्कृतिक प्रस्तुति में सोनाली राई ने अपनी एलबम फरिया चोली के गीत की प्रस्तुत दी। अध्यक्ष सीके राईने बताया कि जब खरीफ की फसल पक जाती है तो फसल को खेत से लाकर घर में भंडार कर रखते हैं ।

# हुंकार रैली का आयोजन किया

चमोली। पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करने की मांग को लेकर सरकारी कर्मचारियों ने तहसील मुख्यालय पर हुंकार रैली का आयोजन किया। कर्मचारियों ने कहा कि यदि केंद्र और उत्तराखंड सरकार पुरानी पेंशन योजना को बहाल नहीं करती तो सरकारों को इसका खामियाजा आगामी चुनावों में भुगतना पड़ेगा।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को सुबह करीब दस बजे शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी यहां एकत्र होना शुरू हुए। जिसके बाद करीब 11 बजे से राजनगर से रैली प्रारंभ हुई। ढोल दमाऊं के साथ के साथ शुरू हुई रैली बहुगुणानगर, प्रेमनगर, गांधीनगर, उमा देवी चौक, कर्ण मंदिर, पंचपुलिया, पेट्रोल पंप होते हुए मुख्य बाजार पहुंची। इस दौरान करीब एक किमी लंबी रैली होने के चलते जाम की स्थिति भी बनी। मुख्य बाजार में हुई सभा में वक्ताओं ने राजनेताओं और सरकारों को जमकर कोषा।

वक्ताओं ने कहा कि विधायक, सांसद और मंत्री महज चंद सालों में ही पेंशन के हकदार हैं। लेकिन एक सरकारी कर्मचारी जो अपने परिवार को छोड़ जनता का काम रात दिन करता है। उसके लिए पेंशन नहीं है। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी और राज्य की धामी सरकार को पुरानी पेंशन योजना जल्द लागू करनी चाहिए। यदि कर्मचारियों की मांगों पर कार्रवाई नहीं होती तो महाभारत में पांच गांव मांगने का उदाहरण देते हुए विधानसभा और मुख्यमंत्री घेराव सहित उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

## कानून व्यवस्था दुरुस्त करने, मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के दिये निर्देश

ऋषिकेश। ऋषिकेश कोतवाली क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री और बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने चिंता जताई है। उन्होंने कोतवाली प्रभारी को कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने, मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के निर्देश दिए। रविवार को बैराज रोड स्थित कैम्प कार्यालय में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक केआर पांडेय के साथ बैठक की। उन्होंने नगर क्षेत्र में मादक पदार्थों की हो रही होम डिलीवरी पर चिंता जताई। कहा कि क्षेत्र में धड़ल्ले से मादक पदार्थों की अवैध बिक्री की जा रही हैं, इससे युवाओं का भविष्य असुरक्षित हो रहा है।

## एक नजर

### मोबाइल ठीक करने के नाम पर हजारों रुपये ठगने का आरोप

ऋषिकेश। राजस्थान स्थित बालाजी विहार निवासी एक शख्स ने ऋषिकेश में अज्ञात युवक पर मोबाइल ठीक करने के नाम पर हजारों रुपये ठगने का आरोप लगाया है। एसएसपी कार्यालय से शिकायत कोतवाली पहुंचने के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक खुशी राम पांडे के मुताबिक बालाजी विहार निवासी प्रदीप खंडेवाल ने शिकायत में बताया कि ऋषिकेश में मोबाइल ठीक कराने के दौरान एक युवक ने अलग–अलग तारीखों में ऑनलाइन 20 हजार 700 रुपये बैंक खाते में डलवाए, लेकिन मोबाइल ठीक नहीं किया। रकम वापस मांगने पर उसने धमकी भी दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 और 506 में केस दर्ज कर लिया है। बताया कि अज्ञात की पहचान कर गिरफ्तारी को प्रयास तेज कर दिए हैं।

### सरकारी भूमि से खनन करने का आरोप

रुड़की। कस्बे के एक ग्रामीण का आरोप है कि लंढौरा में सरकारी भूमि पर खनन किया जा रहा है। आरोप है कि इस संबंध में कई बार नगर पंचायत को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लंढौरा निवासी जुनैद आलम ने पत्रकारों से वार्ता कर बताया कि लंढौरा में आईटीआई कॉलेज के पास कई एक्कड़ भूमि सरकारी है। आरोप है कि उक्त भूमि पर काफी समय से रेत और मिट्टी का खनन किया जा रहा है। आरोप है कि नगर पंचायत में तैनात एक कर्मचारी की मिलीभगत से सरकारी भूमि से खनन किया जा रहा है। जिसके चलते कई लाख रुपये कीमत की रेत और मिट्टी का खनन किया जा चुका है। आरोप है कि कई बार इस संबंध में नगर पंचायत ईओ को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। सरकारी जमीन से बड़े पैमाने से खनन किए जाने को लेकर लोगों में रोष बना हुआ है। ईओ सुरेंद्र कुमार का कहना है कि उक्त भूमि की देख रेख के लिए चौकीदार छोड़ रखा है।

# हमारा जीवन एक एजुकेशनल इंस्टियूट की तरह हो ताकि जो मिले उसका जीवन भी बदल जाये: स्वामी चिदानन्द सरस्वती

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन गंगा के पावन तट पर रोटरी क्लब मेरठ स्टार्स, रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय डिस्ट्रिक्ट 3100 की दो दिवसीय अर्न्तनगरीय सभा का समापन आज स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी के पावन सान्निध्य में हुआ। रोटरी क्लब मेरठ स्टार्स, रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय डिस्ट्रिक्ट 3100 की दो दिवसीय अर्न्तनगरीय सभा में सहभाग करने वाले सदस्यों ने परमार्थ निकेतन की विश्व विख्यात गंगा आरती, विश्व शान्ति हवन, योग व ध्यान, भजन संध्या तथा साध्वी जी के सत्संग में सहभाग किया तथा आगामी वर्ष में किये जाने वाले कार्यो की योजना बनायी।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि हमारा जीवन ऐसा हो कि जिससे मिले उसका जीवन बदल जाये क्योंकि हमारे जीवन का यही उद्देश्य है। भारत के ऊर्जावान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, सभी के लिये शिक्षा और व्यावसायिक कौशल विकास जैसे कई बदलाव किये है जो वास्तव में आवश्यक है।

स्वामी जी ने कहा कि रोटरी द्वारा भारत को पूर्ण रूप से साक्षर करने हेतु जो योगदान दिया जा रहा है वह अद्भुत है। शिक्षा का अर्थ ही है कि विनम्रता युक्त जीवन इसका भी विशेष ध्यान रखे। शिक्षा की गुणवत्ता और कौशल विकास को ध्यान में रखते हुये बच्चों और कामकाजी वयस्कों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना जरूरी है ताकि वे पढ़ना–लिखना सीख सकें और यह कार्य रोटरी द्वारा किया जा रहा है यह अद्भुत है।

इस अवसर पर स्वामी जी ने 6 ट्री प्रोग्राम, शिक्षा से शादी तक की यात्रा, वर्ल्ड टायलेट कालेज, वाटर



कालेज, देवालय से शौचालय तक की यात्रा, लड़कियों को सामान नहीं सम्मान आदि अनेक कार्यक्रम जो परमार्थ निकेतन द्वारा चलाये जा रहे हैं उनका विषय में जानकारी प्रदान की।नेपाल के वरिष्ट रोटेरियन एवं पूर्व गवर्नर वासुदेव गोलयान जी ने कहा कि रोटरी इन्टरनेशनल पूरी दुनिया में विभिन्न क्षेत्रों और माध्यमों से सेवा कर रहा हैं। यह सेक्युलर संगठन है जो सम्पूर्ण मानवता के लिये कार्य करता है। मानवीय सेवा के साथ ही नैतिकता को बढ़ाने देने तथा दुनिया में शांति और सद्भावना के निर्माण हेतु हम सभी परमार्थ निकेतन के इस दिव्य मंच पर स्वामी जी के सान्निध्य में एकजुट हुये हैं। उन्होंने बताया कि रोटरी का आदर्श वाक्य है ह्यसेवा स्व से ऊपर और वही हम सभी का ध्येय भी है।रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3100 के मण्डलाध्यक्ष डी के शर्मा जी ने बताया कि रोटरी ने भारत सरकार के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है जिसका लक्ष्य है कि वर्ष 2028 तक भारत को 95 प्रतिशत साक्षर बना देंगे। इस विषय पर कार्ययोजना बनाने हेतु दो दिवसीय आयोजन परमार्थ निकेतन में पूज्य स्वामी जी के पावन सान्निध्य और मार्गदर्शन में आयोजित किया। साथ ही हमने परमार्थ निकेतन के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र मे कार्य करने हेतु योजनायें बनायी। उन्होंने बताया कि रोटरी का उद्देश्य है कि आपसी परिचय को बढ़ाना ताकि सेवा के नित्य नये अवसर मिल सकें।देश विदेश से आये रोटरियंस ने कहा कि परमार्थ निकेतन वास्तव में सकारात्मक ऊर्जा का केन्द्र है। यहां की गंगा आरती आध्यात्मिकता के साथ जन जागरण का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है।इस अवसर पर हरी गुप्ता जी, इंटरसिटी काउंसलर, प्रीतीश कुमार सिंह, इंटरसिटी चैयरमेन, अजय गुप्ता, इंटरसिटी काउंसलर, योगेश अग्रवाल जी, अजय गुप्ता जी, अनुज अग्रवाल जी, मुकेश गर्ग जी, अनुज त्रिपाठी जी, विकास चैधरी जी, बृजेश भट्ट जी, हरी गुप्ता जी, दीपक खन्ना जी, पंकज जैन जी, शरत चन्द्र गुप्ता जी, अशोक गुप्ता जी, सिद्धार्थ सिंघल जी, अखिलेश शरण जी, अतुल गोयल जी, अंबर दीक्षित जी, प्रितिश कुमार जी, कमल दीप जिन्दल जी, संजीव रस्तोगी जी, जी एस धामा जी, योगेश मोहन गुप्ता जी, सर्मिताभ सिन्हा जी और अनेक रोटेरियन ने सहभाग किया।

## नई टिहरी और नरेन्द्रनगर में 24 को छात्र संघ चुनाव




नई टिहरी। विस्थापन की मांग को लेकर टिहरी बांध से प्रभावित तल्ला उप्पू के ग्रामीणों का धरना पांचवें दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से जल्द उनके विस्थापन की मांग की है। थौलधार ब्लॉक के तल्ला उप्पू के ग्रामीण विस्थापन की मांग को लेकर गांव के समीप बांध की झील के किनारे धरने पर बैठे हैं। ग्राम प्रधान सुशीला चौहान ने कहा इससे पूर्व ग्रामीण कई बार विस्थापन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर चुके है, लेकिन ग्रामीणों मांग पूरी नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा टिहरी बांध की झील बनने के कारण तल्ला उप्पू के ग्रामीणों की कृषि भूमि जलमग्न हो चुकी है, अब ग्रामीणों के पास कृषि योग्य भूमि न होने से उन्हें खेती के लिये इधर उधर भटकना पड़ता है। बताया ग्रामीण शासन–प्रशासन से उन्हें अन्यत्र विस्थापित करने की मांग करते आ रहे हैं, इस संबंध में कई बार शासन–प्रशासन, पुर्नवास विभाग, टीएचडीसी को लिखित पत्र दिये हैं, लेकिन उनकी मांग पर सुनवाई नहीं हो पा रही है।

उन्होंने कहा कि जब तक ग्रामीणों की मांग पूरी नहीं हो जाती उनका धरना जारी रहेगा। धरने पर बैठने वालों में महवीर चौहान, फूला रावत, दर्शनी देवी,चंद्रा नेगी, कमला देवी, प्रभा, शांता देवी, डीएन नौटियाल, सोबत सिंह, पूर्ण सिंह भरत सिंह नेगी, बीना देवी, उषा नेगी, सुशील देवी, कसरी देवी आदि उपस्थित थे।

### सविता कपूर ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास

देहरादून। कैंट विधायक सविता कपूर ने अपने विधानसभा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी व एमडीडीए के माध्यम से चल रहे सड़क व नाली निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

सविता कपूर ने बताया कि इंजीनियर एन्क्लेव में नाली निर्माण से बरसाती पानी की निकासी का समाधान होगा। साई लोक कॉलोनी लेन नंबर–4 में क्षतिग्रस्त सड़क कार्य पूरा होने से क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर ओमेंद्र भाटी, चरणजीत सिंह, भरत सिंह नेगी, आनंद जुयाल, कैलाश नेगी, सुमित पांडे उपस्थित रहे ।

# पुलिस ने किया अल्पसंख्यक समाज को जागरूक

रुड़की। पुलिस की ओर से अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान पत्रिका का वितरण किया ताकि समाज के लोगों को कानून और अधिकारी के बारे में पता लग सके। थानाध्यक्ष संजीव थपलियाल ने कार्यक्रम में अल्पसंख्यकों को उनके अधिकार के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी समय कोई भी समस्या हो वह पुलिस को सूचित करें। उन्होंने बताया कि फोन पर अज्ञात लोगों से बात करने से बचे। ऑनलाइन खरीदारी करते वक्त भी सावधानी बरते। उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग की ओर से दी जानकारियों के बारे में पढ़े और दूसरे को भी बताए। इस अवसर पर एसआई संजय पूनिया, जितेंद्र कुमार, राव कुर्बान अली, सलमान, परवेज, अख्तर, अनीश गौड़, अरशद, जगत सिंह, मदन खालसा, प्रमोद, श्याम, नौशाद, शमशाद, गफ्फार और जमशेद आदि मौजूद रहे।

## नंदा गौरा कन्याधन योजना के नियमों में बदलाव से छात्राएं खुश

विकासनगर। नंदा गौरा कन्याधन योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया के नियमों में बदलाव किए जाने पर छात्राओं ने खुशी जाहिर की है। बदलाव की मांग को लेकर छात्राओं ने युवा कांग्रेस के साथ मिलकर आंदोलन किया था। रविवार को छात्राओं ने बाला जी मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर अपनी जीत की खुशी मनाई। युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष यश शर्मा ने कहा कि नए नियमों के अनुसार जमीन संबंधी दस्तावेज, बिजली, पानी के बिल की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। इन नियमों से कई पात्र छात्राएं योजना के लाभ से वंचित हो रही थीं। संयुक्त परिवार के तहत रहने वाली छात्राओं के माता, पिता के नाम पर बिजली पानी के कनेक्शन नहीं थे।

## रुद्रप्रयाग में 900 मीटर टनल का दूसरी तरफ से भी निर्माण शुरु

रुद्रप्रयाग। केदानाथ हाईवे पर जागतोली से पोखरी मोटर मार्ग 900 मीटर सुरंग के निर्माण को लेकर अब दूसरी तरफ से भी काम शुरू हो गया है। रविवार को रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी के हाथों केदारनाथ हाईवे की तरफ जागतोली से भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू किया गया। इससे पहले एनएच लोनिवि द्वारा दिसम्बर प्रथम सप्ताह में कोटेश्वर मार्ग पर बेलनी के कुछ आगे सुरंग के लिए भूमि पूजन कर निर्माण शुरू किया गया। रविवार को रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने भूमि पूजन कर रुद्रप्रयाग में बनने वाली 900 मीटर सुरंग का दूसरी तरफ से भी निर्माण शुरू करवा दिया। 156 करोड़ की लागत से इस प्रोजेक्ट का निर्माण होगा। करीब ढाई साल में प्रोजेक्ट का निर्माण पूरा किया जाएगा। इस मौके पर विधायक भरत चौधरी ने कहा की टनल एवं पुल के निर्माण से केदारनाथ एवं बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग आपस मे जुड़ेंगे। साथ ही रुद्रप्रयाग मुख्यालय का यातायात सुगम होगा।

### घर घर जाकर प्रचार करने लगे छात्र संगठन

विकासनगर। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में 24 दिसंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव में अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए छात्र संगठनों ने मतदाताओं से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। छात्र संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता घर घर जाकर मतदाताओं अपने पक्ष में मतदान करने के लिए लुभाया।

रविवार को अवकाश होने के बावजूद छात्र संगठन सक्रिय रहे। देर शाम तक घर घर जाकर मतदाता छात्र–छात्राओं को अपने पक्ष में करने की जद्दोजहद करते रहे। रविवार को छात्र संगठनों ने डाकपत्थर, अंबाड़ी, जीवनगढ़ में प्रचार किया।

# दिव्यांग बच्चों की मदद को कान्वेंट स्कूल में लगाया मेला

नई टिहरी। दिव्यांग बच्चों की मदद के लिये ऑल सेंट कान्वेंट स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में बच्चों ने कई तरह के स्टॉल लगाये। मेले में आयोजित लक्की ड्रा प्रतियोगिता में प्रियंका नैथानी ने स्मार्ट फोन जीता। रविवार को ऑल सेंट कान्वेंट स्कूल नई टिहरी में दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की मदद के लिये चैरेटी मेले का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य डीएल उनियाल ने मेले का शुभारंभ किया। स्कूल के प्रबंधक फादर फ्रांसिस केओ ने बताया कि दिव्यांग बच्चों और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की मदद और उनकी पढ़ाई के लिये मेले का आयोजन किया गया। स्कूल के बच्चों ने मेले में सभी तरह के स्टॉल लगाये थे। इनमें पौधों के स्टॉल, खाने के स्टॉल और जूस व गढ़वाल उत्पादों के स्टॉल थे। बच्चों ने शिक्षकों की मदद से कई तरह के खाद्य पदार्थ भी बनाये।

मेले से हुई आय से 142 दिव्यांग बच्चों की मदद की जायेगी और उनके लिये पढ़ाई की सामाग्री खरीदी जायेगी। प्रधानाचार्य सिस्टर मारिया ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों और शिक्षकों के बीच मजबूत रिश्ता बनता है और बच्चों की रचनात्मकता बढ़ती है। इस अवसर पर नई टिहरी कोतवाली निरीक्षक कमल मोहन भंडारी भी बतौर अतिथि अपना संबोधन किया।जबकि प्रधानाचार्य सिस्टर मारिया, गीता उनियाल, विक्रम कठैत, रूपिता, कमल बहुगुणा, रीना भट्ट, चरनजीत, पिंकी उनियाल, लाजवंती रौथाण, सुनैना, संगीता चौहान, भागवत रौतेला, अंजुला बिष्ट, आदि मौजूद रहे।

### स्वामी श्रद्धानंद को बलिदान दिवस पर किया याद

विकासनगर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के आनुषांगिक संगठन गतिविधि धर्म जागरण समन्वय ने बाबूगढ़ चुंगी स्थित श्रीराम मंदिर में स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस मनाया। लोगों ने श्रद्धानंद के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता सामाजिक समरसता के प्रांत संयोजक राजेंद्र पंत ने कहा कि स्वामी जी ने शिक्षा सुधार के लिए हरिद्वार में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की स्थापना की।

# बाबर, सलमान के अर्द्धशतक, पाकिस्तान ने बनाये 304



कराची , इंग्लैंड ने जैक लीच (140/4) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान को तीसरे टेस्ट के पहले दिन शनिवार को 304 रन पर ऑलआउट कर दिया। दिन का खेल खत्म होने से पहले इंग्लैंड ने एक विकेट के नुकसान पर सात रन बना लिये।

पाकिस्तान के लिये कप्तान बाबर आज़म (78) और आगा सलमान (56) ने अर्द्धशतक जमाये।

बाबर ने अपना आखिरी टेस्ट खेल रहे अज़हर अली (45) के साथ तीसरे विकेट के लिये 71 रन की साझेदारी की, जबकि सउद्द शकील (23) के साथ 45 रन जोड़े। बाबर 123 गेंदों पर नौ चौकों के साथ 78 रन बनाकर अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन हैरी ब्रूक ने उन्हें रनआउट कर दिया।

पाकिस्तान के छह विकेट 219 रन पर गिरने के बाद सलमान ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ साझेदारियां बुनते हुए टीम को 304 रन के स्कोर तक पहुंचाया। सलमान ने 93 गेंदों पर छह चौकों के साथ 56 रन बनाये।

इंग्लैंड के लिये जैक लीच ने चार विकेट लिये। इंग्लैंड के लिये पदार्पण कर रहे रेहान अहमद ने दो विकेट लिये, जबकि जो रूट, ओली रॉबिनसन और मार्क वुड को एक-एक विकेट हासिल हुआ।पहले दिन का खेल खत्म होने से पूर्व अबरार अहमद ने ज़ैक क्रॉली को शून्य रन पर पगबाधा आउट कर दिया, जबकि बेन डकेट और ओली पोप विकेट पर मौजूद हैं।

## क्रोएशिया ने फीफा विश्व कप में हासिल किया तीसरा स्थान

अल रैयान ,क्रोएशिया ने मिस्लाव ओर्सिच के निर्णायक गोल से शनिवार को फीफा विश्व कप 2022 के कांस्य पदक मैच में मोरक्को को 2-1 से हराकर टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया।खलीफा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में जोस्को ग्वार्डिओल ने सातवें मिनट में गोल करके क्रोएशिया का खाता खोला, लेकिन मोरक्को ने नौवें मिनट में अशरफ दारी के गोल से मैच में वापसी कर ली। ओर्सिच ने 42वें मिनट में गोल जमाया जो क्रोएशिया की जीत में निर्णायक साबित हुआ।

विश्व कप 2018 की उपविजेता क्रोएशिया ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट के इस संस्करण में तीसरा स्थान हासिल कर लिया, जबकि मोरक्को चौथे स्थान पर रहा। विश्व विजेता का फैसला रविवार को अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच होने वाले खिताबी मैच से किया जायेगा।

# खिलाड़ी अपनी जवानी देश को समर्पित कर दें : ठाकुर

सोनीपत , केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने खिलाडियों का आह्वान किया है कि वे अपनी जवानी देश को समर्पित कर दें ताकि देश की झोली में और अधिक अंतर्राष्ट्रीय पदक आ सके।श्री ठाकुर ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के बहालगढ़ स्थित उत्तर क्षेत्रीय केन्द्र में 40 करोड़ 45 लाख रूपये की लागत से बनने वाले हाई परफॉर्मेंस सेंटर की आधारशिला रखी और बहालगढ साई सेंटर में 04 करोड़ की लागत से हॉकी मैदान में बिछाए गए एस्ट्रोटर्फ का भी उद्घाटन किया।उन्होंने खिलाडियों, युवाओं तथा आम जनमानस से आह्वान किया कि वे अपनी फिटनेस को सही करने के लिए हर रोज आधा घण्टा फिटनेस का डोज लें। क्योंकि जब देश का हर एक व्यक्ति फिट होगा तभी फिट इंडिया का नारा सार्थक हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने कार्यकाल में देश के खेल बजट को 840 से बढ़ाकर तीन हजार करोड़ रुपये कर दिया ताकि हमारे खिलाड़ियों को और अधिक संसाधन एवं सुविधाएं मुहैया कराई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि दूसरे देशों में अपने देश की ताकत दिखाने का खेल



ही सबसे सरल माध्यम है। जब कोई खिलाड़ी किसी देश में अंतर्राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतता है तो वहां देश का तिरंगा एवं राष्ट्रगान बजाया जाता है जो हर भारतीय के लिए सबसे गर्व का पल होता है।केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार पूरे देश में 15 अगस्त 2023 तक एक हजार खेलों इंडिया सेंटर खोलने जा रही है, जिसमें खिलाडियों को खेलने के लिए हर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। हाल ही में खेल मंत्रालय द्वारा 750 खेलों इंडिया सेंटरों को मंजूरी भी दी जा चुकी है।उन्होंने कहा कि हरियाणा में लडकों के मुकाबले लड़कियों की संख्या कम होने के बावजूद यहां की बेटियां हर अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धा में देश में सबसे ज्यादा पदक जीतकर लाती है और यह इसलिए सभंव होता है क्योंकि यहां के लोगों की मानसिक इतनी अच्छी है कि वे अपनी बेटियों को खेलों में आगे बढने के लिए सभी अवसर प्रदान करते हैं।उन्होंने कहा कि बहालगढ़ साई सेंटर में रहने वाले खिलाडियों के रहने के लिए 26 करोड़ 80 लाख रूपये की लागत से सभी सुविधाओं से पूर्ण 300 बिस्तर का छात्रावास भी बनाया जा रहा है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बजरंग पुनिया, सुमित आंतिल, अभिषेक वर्मा, सरिता मोर तथा अमित सरोहा को सम्मानित करते हुए कहा कि मैं खिलाडियों से वादा करता हूं कि मैं खेल मंत्री होने के नाते आपको हर सुविधा मुहैया कराऊंगा। आप बस देश के लिए पदक लाने के पूरी लगन से मेहनत करें। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने साई सेंटर बहालगढ का दौरा करते हुए खिलाड़ियों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं का जायजा लिया।

# गाबा टेस्ट के पहले दिन गिरे 15 विकेट

ब्रिसबेन ,ऑस्ट्रेलिया ने ट्राविस हेड (78 नाबाद) के आक्रमक अर्द्धशतक और स्टीव स्मिथ (36) के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन शनिवार को पांच विकेट के नुकसान पर 145 रन बना लिये।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका 152 रन पर ऑलआउट हो गयी और ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में अब सिर्फ सात रन से पीछे है।

हेड जब बल्लेबाजी करने उतरे तब ऑस्ट्रेलिया ने 27 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे। गेंदबाजों के लिये मददगार विकेट पर हेड ने प्रत्याक्रमण शुरू किया और 23वें ओवर में लुंगी एनगिडी के खिलाफ 15 रन जोड़े।

स्मिथ ने संयमपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए हेड का साथ दिया और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिये 117 रन की साझेदारी हुई। स्मिथ ने 68 गेंदें खेलकर तीन चौकों के साथ 36 रन बनाये, जबकि हेड 77 गेंदों पर 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 78 रन बना चुके हैं।

दिन का खेल खत्म होने से पहले दक्षिण अफ्रीका ने स्मिथ और नाइट वॉचमैन के रूप में पिच पर उतरे स्कॉट बोलैंड (एक) को आउट करके मैच में कुछ हद तक वापसी कर ली, हालांकि हेड अब भी विकेट पर मौजूद हैं।



इससे पूर्व, ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और प्रोटियाज को 48.2 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट कर दिया।

दक्षिण अफ्रीका के लिये विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरेन ने सर्वाधिक 64 रन बनाये, जबकि टेम्बा बावुमा ने 38 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क और नेथन लायन ने तीन-तीन विकेट लिये जबकि पैट कमिंस और बोलैंड को दो-दो सफलताएं हासिल हुईं।

## अब फीफा में कभी नहीं दिखेंगे लियोनेल मेसी, फाइनल मैच से पहले खुद ही किया कंफर्म

दोहा ,महान फुटबॉलर्स में शुमार अर्जेंटीना के स्टार लियोनेल मेसी अब वर्ल्ड कप में कभी भी नजर नहीं आएंगे। उन्होंने आज खुद इस बात की पुष्टि कर दी है। उन्होंने साफ- साफ कह दिया है कि वर्ल्ड कप 2022 का फाइनल उनका आखिरी वर्ल्ड कप मैच होगा। अर्जेंटीना की टीम फाइनल में आज फ्रांस के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। यानी मेसी आज आखिरी बार वर्ल्ड कप का मुकाबला खेलते हुए नजर आएंगे।स्टार खिलाड़ी की अगुआई में अर्जेंटीना ने क्रोएशिया को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। फाइनल में एंट्री करने के बाद मेसी ने कहा था कि वर्ल्ड कप के फाइनल में अपने सफर का अंत करने, आखिरी फाइनल मैच खेलने पर मैं बहुत खुश हूं। ये बहुत ही संतोषजनक है।अब ये देखना दिलचस्प होगा कि मेसी अपने सफर का अंत वर्ल्ड चैंपियन बनकर करते हैं ।

# बांग्लादेश के खिलाफ जीत के बाद बोले केएल राहुल



नई दिल्ली, गत चैंपियन फ्रांस फीफा विश्व कप 2022 के खिताब जीतने के लिए दो बार के चैंपियन अर्जेंटीना के खिलाफ उतरेगी। दुनिया दोनों टीमों के समर्थन में बंटी हुई है और भारतीय क्रिकेट टीम भी। चटगांव में रविवार को पहले टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन की समाप्ति के बाद भारतीय टीम आराम करेगी और फीफा विश्व कप फाइनल का लुत्फ उठाएगी। बांग्लादेश के खिलाफ जीत के बाद भारत के स्टैंड बाई कप्तान केएल राहुल ने कहा कि ह्लमुझे नहीं पता कि कौन वास्तव में अर्जेंटीना या फ्रांस का समर्थक है, इसलिए हम आज खेल का आनंद लेंगे। हम सभी एक साथ खेल देखेंगे। पांच दिन का समय वास्तव में बहुत थका देने वाला है। इसलिए, आज रात फीफा विश्व कप के फाइनल का आनंद लें।

**खिलाड़ी फीफा फाइनल का लेंगे आनंद**

केएल राहुल ने आगे कहा, हम सब फुटबॉल से प्यार करते हैं। कई खिलाड़ियों को ब्राजील और कुछ को इंग्लैंड टीम पंसद थी, पसंदीदा टीम में कई बाहर हो गई हैं। इसलिए हम सिर्फ फाइनल का आनंद लेंगे। आज का खेल दिलचस्प होगा।ह्व भारतीय टीम आज आराम करते हुए फीफा फाइनल का आनंद लेगी।

**भारत ने बांग्लादेश को 188 रन से हराया**

बात दें कि भारत ने रविवार को पहले टेस्ट मैच में भारत ने बांग्लादेश को 188 रन से हरा दिया। भारत ने दो टेस्ट मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइ करने के लिए अपने बचे 5 टेस्ट मैचों को जीतना होगा।

## फिल्मी गपशप

# वॉरियर फिल्म में विक्की कौशल की एंट्री, साथ आए लक्ष्मण उतेकर और दिनेश विजान

अभिनेता विक्की कौशल एक के बाद कई फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाले हैं। अब एक नई फिल्म के साथ उनका नाम जुड़ गया है। खबरों की मानें तो वह युद्ध पर आधारित एक बड़े बजट की फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म के लिए मशहूर फिल्ममेकर दिनेश विजान और लक्ष्मण उतेकर ने हाथ मिलाया है। हालांकि, अभिनेता ने अभी फिल्म साइन नहीं की है और इस प्रोजेक्ट को लेकर उनकी मेकर्स से बातचीत चल रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, एक वॉरियर फिल्म के लिए विक्की, लक्ष्मण और दिनेश साथ आए हैं। अभी इस फिल्म का शीर्षक निर्धारित नहीं किया गया है और यह एक ऐतिहासिक शख्सियत की बायोपिक हो सकती है। इस फिल्म के लिए विक्की मेकर्स की पहली पसंद हैं। विक्की को फिल्म का कॉन्सेप्ट पसंद आया है और उन्होंने अनौपचारिक तौर पर इसके लिए हामी भर दी है। वह पूरी कहानी जानने के बाद ही फिल्म साइन करेंगे।

अभी फिल्म की स्क्रिप्ट लिखी जा रही है और अगले कुछ महीनों में यह बनकर तैयार हो जाएगी। सूत्र ने बताया कि बड़े बजट में इसका निर्माण किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को लेकर एक सूत्र ने कहा, लक्ष्मण लुका छुपी और मिमी जैसी फिल्मों



में छोटे शहरों की कहानियां करते-करते उब गए हैं। वह अब मुख्यधारा की कमर्शियल फिल्में बनाना चाहते हैं और विक्की के साथ यह वॉरियर फिल्म इस दिशा में उनका पहला प्रयास है।आधिकारिक तौर पर फिल्म में विक्की के शामिल हो जाने के बाद इसके शेड्यूल के बारे में जानकारी दी जाएगी। ऐसी चर्चा है कि फिल्म की शूटिंग अगले साल के मध्य में शुरू हो पाएगी। विक्की अभी सैम बहादुर की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह फिल्म मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी रही है। फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसमें विक्की भारत के महानतम युद्ध नायकों में से एक सैम मानेकशॉ का जीवन पर्दे पर उतारने वाले हैं।इस वॉरियर फिल्म के अलावा लक्ष्मण और दिनेश के साथ विक्की एक और रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में भी काम कर रहे हैं। इसकी कहानी एक शादीशुदा कपल के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो एक छोटे शहर में रहता है। यह फिल्म अगले साल की पहली तिमाही में रिलीज हो सकती है। इसमें विक्की की जोड़ी सारा अली खान के साथ बनी है। लव आजकल के बाद दिनेश के साथ सारा की यह दूसरी फिल्म होगी। उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक में विक्की ने अभिनय और एक्शन से सभी का दिल जीत लिया था। 2019 में आई यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी। इसका निर्देशन आदित्य धर ने किया था। युद्ध पर आधारित फिल्म में विक्की काफी फिट बैठते हैं।

# राजकुमार राव मार्च में स्त्री 2 की शुरू करेंगे शूटिंग

अभिनेता राजकुमार राव, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी मार्च 2023 में स्त्री 2 की शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

प्रोडक्शन हाउस के एक सूत्र ने पुष्टि की है कि अभिनेता स्त्री के मूल कलाकारों के साथ मार्च में शूटिंग शुरू करेंगे, जिसकी शूटिंग 4 शहरों में होगी।सूत्र का कहना है, भेडिया में राजकुमार राव (विक्की) और अपारशक्ति खुराना (बिट्टू) का अंतिम क्रेडिट ध्श्य एक स्पष्ट इशारा है कि उनकी योजना में स्त्री 2 है। 2018 की फिल्म स्त्री की मूल स्टार कास्ट तैयार होगी। मार्च 2023 से शूट के लिए तैयार हैं। हम कुछ विचित्र और मजेदार संवादों की उम्मीद



कर सकते हैं। वर्तमान में सभी कलाकार अन्य प्रतिबद्धताओं में व्यस्त हैं और फिल्म का प्री प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। 2018 की फिल्म स्त्री में अपारशक्ति ने बिट्टू का किरदार निभाया है, जो राजकुमार के किरदार विक्की का दोस्त है। फिल्म लेखक-निर्देशक-निर्माता जोड़ी राज निदिमोरु और कृष्णा डीके द्वारा लिखित एक हॉरर कॉमेडी है, जिसे राज एंड डीके के नाम से जाना जाता है।

# 'स्प्लिट्सविला एक्स4' प्रतियोगी ने सनी लियोनी को अपने जीवन से किया प्रभावित

सनी लियोनी फिलहाल 'स्प्लिट्सविला एक्स4' की मेजबान हैं। इस शो में सनी एक प्रतियोगी सोहेल शेख के सफर के बारे में जान कर काफी प्रभावित हुई और उनके रोंगटे खड़े हो गए। प्रतियोगी सोहेल शेख के इंस्टाग्राम पर 10 लाख फॉलोअर्स हैं, वह अपना खुद का जिम चलाता है। 25 वर्षीय मॉडल और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर ने मेजबान को बताया कि उसका जीवन कठिन था।प्रतियोगी ने बताया, मैं एक कैंटीन में वड़ा पाव बेचता था और वहीं से मेरी यात्रा शुरू हुई।सनी ने जवाब दिया, वड़ा पाव से 'स्प्लिट्सविला' तक का सफर आसान नहीं है और इससे मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।प्रतियोगी कहा,



मैं कभी असफल नहीं होता, या तो मैं जीतता हूं या सीखता हूं, यही मेरी मां ने मुझे सिखाया है।इस पर एक कंटेस्टेंट ने बताया कि, कमाए हुए पैसों से अब उन्होंने खुद का जिम खोल लिया है। सनी और सभी ने उसकी जमकर सराहना की।इस शो को लेकर एक और खबर है। अभिनेता और मॉडल शिवम शर्मा इस हफ्ते वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी के रूप में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं।

# 9 साल की उम्र में अमिका शैल ने बनाई थी अलग पहचान, अब कर रही लाखों दिलों पर राज

अमिका एक फिटनेस मॉडल और ईएसएन इंडिया की ब्रांड एंबेसडर भी हैं। उन्होंने काफी कम उम्र में अपनी अलग पहचान बना ली है। फिल्म लक्ष्मी, मिर्जापुर 2, गंदी बात 6, डिज्नी+हॉटस्टार की छत्तीस और मैना आदि में किरदार निभा चुकी हैं। गायिका से अभिनेत्री बनीं अमिका शैल का जन्म और पालन-पोषण पश्चिम बंगाल में हुआ। अमिका शैल की बचपन से ही संगीत में रुचि थी, उन्होंने अपनी मां से संगीत शिक्षा ली। 9 साल की उम्र में अमिता शैल ने लिटिल चैंप्स से अपने सफर की शुरुआत की थी। बंगाली सारेगामापा, इंडियन आइडल, वॉयस ऑफ इंडिया जैसी सिंगिंग रियलिटी शो का भी हिस्सा रह चुकी हैं। मां से संगीत की शिक्षा लेने वाली अमिका ने कलकत्ता विश्वविद्यालय से हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में स्नातकोत्तर किया है। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद अमिका मुंबई चली गईं। प्लेबैक सिंगिंग



के साथ उन्होंने कई एल्बम किये । विशाल ददलानी, मोहित चौहान, जावेद अली, अमित कुमार जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ वह प्लेटफॉर्म शेयर कर चुकी हैं। मैडम सर, लाल इश्क, शादी के सियाप्पे, गुनाह और अभय जैसे वेब शो और टेलीविजन सीरीज का भी हिस्सा रह चुकी हैं। जनवरी 2022 में अमिका ने मिस्त्र में आयोजित वर्ल्ड यूथ फोरम में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। दुनिया भर के प्रसिद्ध गायकों के साथ उन्होंने अपना परचम लहराया है। हृदय वी शेट्टी (रोहित शेट्टी के भाई), शैलेंद्र सिंह और श्री अधिकारी ब्रदर्स की फिल्मों मुख्य किरदार निभाती हुई अमिका शैल नजर आने वाली हैं। अमिका शैल की 2 संगीत वीडियो रिलीज़ होने वाली है, इसके अलावा मलयालम फिल्म नोबॉडी और बांद्रा में उनका शानदार नृत्य प्रदर्शन देखने को मिलने वाला है। अमिता शैल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, यही वजह है कि सोशल मीडिया पर दर्शकों का प्यार उनके लिए बना रहता है।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338